शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 34 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 29 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अगले पांच साल और भी तेजी से होंगे विकास: मोदी

## प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 4,900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के आगामी लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड सीटों के साथ जीत का दावा करते हुए कहा कि हम इस बार 400 सीटें पार करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल और भी तेजी से विकास के होंगे। प्रधानमंत्री ने बुधवार को महाराष्ट्र के यवतमाल में 4900 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, सड़क और सिंचाई से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पीएम किसान और अन्य योजनाओं के तहत लाभ भी जारी किए। प्रधानमंत्री ने पूरे महाराष्ट्र में 1 करोड़ आयुष्मान कार्डों के वितरण की भी शुरूआत की और ओबीसी श्रेणी के लाभार्थियों के लिए मोदी आवास घरकुल योजना शुरू की। उन्होंने दो ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने यवतमाल शहर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए छत्रपति शिवाजी की भूमि को नमन किया और धरती पुत्र बाबा साहेब अंबेडकर को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 10 साल पहले महाराष्ट्र के यवतमाल में अपने चाय पर चर्चा कार्यक्रम को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं 10 साल पहले जब ह्यचाय पर चर्चाह्व करने यवतमाल आया था, तो आपने बहुत आशीर्वाद दिया और देश की जनता ने एनडीए को 300 (सीटें) पार पहुंचा दिया। फिर मैं 2019 में फरवरी के महीने में ही यवतमाल आया था।



### कांग्रेस के समय में आदिवासी समाज को हमेशा सबसे पीछे रखा गया: पीएम

**पीएम** ने कहा कि कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी ने पूछा है, उनको पूजा है। विश्वकर्मा साथियों के लिए, बलुतेदार समुदायों के कारीगरों के लिए, कभी कोई बड़ी योजना नहीं बनी। मोदी ने पहली बार 13 हजार करोड़ रुपये की पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय में आदिवासी समाज को हमेशा सबसे पीछे रखा गया, उन्हें सुविधाएं नहीं दीं लेकिन मोदी ने जनजातीय समाज में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों तक की चिंता की है। पहली बार उनके विकास के लिए 23 हजार करोड़ रुपये की पीएम-जनमन योजना शुरू हो चुकी है।

### 'एक ही आवाज गूंज रही है, अबकी बार 400 पार'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि देश ने भी तब एनडीए को 350 (सीटें) पार करा दिया। आज जब 2024 (लोकसभा) के चुनाव से पहले मैं विकास के उत्सव में शामिल होने आया हूं, तब पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है। अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र के निर्माण और देशवासियों का जीवन बदलने के लिए एक मिशन लेकर निकले हुए लोग हैं। इसलिए बीते 10 वर्ष में जो कुछ किया, वो आने वाले 25 वर्ष की नींव है। मैंने भारत के कोने-कोने को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए शरीर का कण-कण, जीवन का क्षण-क्षण समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए चार सबसे बड़ी प्राथमिकता गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति हैं।



ये चारों सशक्त हो गए, तो हर समाज, हर वर्ग, देश का हर परिवार सशक्त हो जाएगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप याद कीजिए, ये जो इंडी गठबंधन है, इसकी जब केंद्र में सरकार थी, तब क्या स्थिति थी? तब तो कृषि मंत्री भी यहीं महाराष्ट्र से ही थे। उस समय दिल्ली से विदर्भ के किसानों के नाम पर पैकेज घोषित होता था और उसे बीच में ही लूट लिया जाता था। गांव, गरीब, किसान, आदिवासी को कुछ नहीं मिलता था।

### 'विकसित भारत के लिए गांव की अर्थव्यवस्था का सशक्त होना जरूरी'



**पीएम ने कहा कि** आज देखिए, मैंने एक बटन दबाया और देखते ही देखते, पीएम किसान सम्मान निधि के 21 हजार करोड़ रुपये देश के करोड़ों किसानों के खाते में पहुंच गए। यही तो मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब दिल्ली से 1 रुपया निकलता था, 15 पैसा पहुंचता था। अगर कांग्रेस की सरकार होती, तो आज जो आपको 21 हजार करोड़ रुपये मिले हैं, उसमें से 18 हजार करोड़ रुपये बीच में ही लूट लिये जाते। अब भाजपा सरकार में गरीब का पूरा पैसा, गरीब को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए गांव की अर्थव्यवस्था का सशक्त होना बहुत जरूरी है। इसलिए बीते 10 वर्षों में हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि गांव में रहने वाले हर परिवार की परेशानियों को दूर करें, उन्हें आर्थिक संबल दें। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक देश के गांव में 100 में से लगभग 15 परिवार ही ऐसे थे जिनके घर पाइप से पानी आता था। इनमें से अधिकतर गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी ही थे। ये हमारी माताओं-बहनों के लिए बहुत बड़ा संकट था। इस स्थिति से माताओं-बहनों को बाहर निकालने के लिए ही लाल किले से मोदी ने हर घर जल की गारंटी दी थी। 4-5 साल के भीतर ही आज हर 100 में से 75 ग्रामीण परिवारों तक पाइप से पानी पहुंच चुका है।

## डिज्नी, रिलायंस ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय का किया ऐलान

**नई दिल्ली**

द वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय का ऐलान किया है। डिज्नी और रिलायंस इस संबंध में एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंजों को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय के लिए वॉल्ट डिज्नी कंपनी के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। रिलायंस के मुताबिक समझौते के तहत दोनों कंपनियों के विलय से बनी इकाई में वह 11,500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। लेन-देन में सहक्रियाओं को छोड़कर पोस्ट-मनी आधार पर इस संयुक्त उद्यम का मूल्य 70,352 करोड़ रुपये होगा। रिलायंस और डिज्नी मीडिया के विलय से बने संयुक्त उद्यम की कुल वैल्यू 10,352 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कंपनी में रिलायंस की 63.16 फीसदी हिस्सेदारी होगी। वहीं डिज्नी को 36.84 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। दोनों कंपनियों के मीडिया ऑपरेशन से बने संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वहीं, उदय शंकर इस कंपनी के वाइस चेयरपर्सन होंगे। उल्लेखनीय है कि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी राजस्व के मामले में विश्व का सबसे बड़ा मीडिया और मनोरंजन समूह है। वहीं, देश के सबसे अमीर अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मीडिया कारोबार वायकॉम-18 और अन्य समूह का संचालन करती है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पोषण उत्सव में भाग लेंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली**

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स गुरुवार को ' सही पोषण' पर जोर देने वाले महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी मौजूद रहेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय गुरुवार को नई दिल्ली में "पोषण उत्सव- पोषण का उत्सव" कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम के दौरान 'पोषण उत्सव पुस्तक' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही, मंत्रालय की सहभागिता में एक कार्टून गठबंधन पोषण के लिए अपने समर्थन की घोषणा करेगा। यह उत्सव एक कार्टून गठबंधन के माध्यम से अच्छे पोषण के मूल्य पर महत्वपूर्ण संदेशों को प्रसारित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल होगी भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक

**नई दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक गुरुवार को आयोजित होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे। इसके साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, सवार्नंद सोनोवाल, भूपेन्द्र यादव और राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए करीब 120 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की जा सकती है। पहली सूची में केन्द्रीय मंत्रियों के साथ कई दिग्गजों के नाम शामिल किए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इस अहम बैठक में 2019 में हारी हुई कुछ सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जा सकते हैं। इस बैठक से पहले बुधवार शाम को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई राष्ट्रीय महासचिवों के साथ भाजपा कोर ग्रुप कमेटी की बैठक की जा रही है। गत शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर कई राज्यों के कोर ग्रुप की बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ हुई थी।



## हिमाचल: विक्रमादित्य ने इस्तीफा लिया वापस, बड़े भाई सुक्खू का रखा मान

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सियासी उटापटक के बीच आज सुबह कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, देर शाम को उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सीएम सुक्खू, विक्रमादित्य को समझाने में कामयाब रहे। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार सुबह मंत्री पद से त्यागपत्र देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री व राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपेंगे। इस दौरान उन्होंने सरकार को कठघरे में खड़ा किया व प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगाए थे।



**सुक्खू बोले- मेरे छोटे भाई हैं, उन्हें मना लेंगे**

वहीं, शाम को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा था कि विक्रमादित्य सिंह मेरे छोटे भाई हैं, उन्हें मना लेंगे। त्यागपत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बुधवार सुबह विक्रमादित्य विधानसभा परिसर में पहुंचे और पत्रकारों से बातचीत में कहा कि त्यागपत्र के बाद भी वह पार्टी में बने रहेंगे और समर्थकों के साथ विचार-विमर्श कर भविष्य की राजनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके विभाग में बेवजह दखल कर प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया। सब जान बूझकर किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है

**विक्रमादित्य बोले थे- वीरभद्र सिंह ने अपनी शर्तों पर की राजनीति**

सुक्खू ने कहा कि वह किसी के दबाव में आने वाले नहीं हैं। मेरी आवाज दबाने का प्रयास किया तो सहन नहीं करेंगे। विक्रमादित्य ने कहा कि वीरभद्र सिंह ने सारी उम्र अपनी शर्तों पर राजनीति की और मैं भी उनके पदचिह्नों पर चल रहा हूं। यदि उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया तो सहन नहीं करेंगे।

## दुर्घटना में मौत पर मुआवजे के लाभ से इंकार नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट



**प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुर्घटना में हुई मौत के मामले में कहा कि मुआवजे का लाभ देने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने मामले में सुप्रीम कोर्ट के राममूर्ति मामले में पारित आदेश का हवाला देते हुए पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। कहा कि याची को वाद की दाखिला के साथ ही मुआवजे की रकम पर सात फीसदी की दर से ब्याज भी दिया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने गिरिजा कटियार व अन्य की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) को निर्देश दिया है कि वह याची को मुआवजे की रकम तीन महीने में भुगतान करे। मामले में रूप नारायण कटियार बस चालक था। वह कानपुर से दिल्ली के बीच जाने वाली बस संख्या यूपी 78-3901 का संचालन करता था। 16 जनवरी 1998 को वह दिल्ली जा रहा था। तभी एटा के मलावन स्थान में दूसरी तरफ से आ रही बस संख्या यूपी 93-575 की भिड़ंत हो गई। जिसमें उसकी मौत हो गई। चालक के करीबियों ने टिब्यूनल के समक्ष मुआवजे की मांग की लेकिन टिब्यूनल ने इस भिड़ंत के लिए चालक को जिम्मेदार पाते हुए वाद का खारिज कर दिया। याचियों ने उसे हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी। याचियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा राममूर्ति के केस में पारित आदेश का हवाला दिया। कहा कि घटना के समय मृत्यु के मुआवजे की रकम पचास हजार रुपये थी। इसे बढ़ाकर अब पांच लाख रुपये कर दिया गया है।

## भारत जल्द बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था: हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि ऐसे समय में जब विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं महामारी के विनाशकारी प्रभावों से उबरने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तब भारत हर स्थिति में डटे रहने वाले देश के रूप में उभरा है। बेंगलुरु में रेवा यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर जियो-पॉलिटिक्स एंड इंटरनेशनल स्टडीज के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जननी और दुनिया की सबसे बड़ी बहुलतावादी शक्ति के रूप में भारत को एक पहचान मिली है। आम सहमति निर्माण के प्रयासों के चलते भारत को कोमल शक्ति (सॉफ्ट पावर) के रूप में स्वीकार्यता मिली है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन के माध्यम से एक नई वैश्विक दृष्टि लेकर आया है। भारत पहले से ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। हमारे बढ़ते वैश्विक कद के पीछे घरेलू सामाजिक-आर्थिक सफलताएं और कल्याणकारी सुधार हैं। पिछले दस वर्षों में शासन व्यवस्था में आमूल बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले नीतिगत पंगुता के दिनों से अब हम परिवर्तनकारी नीतियों का युग देख रहे हैं, जो सीधे नागरिकों को लाभ पहुंचाते हैं।



## किसान को मेट्रो में नहीं चढ़ने देने के मामले में एनएचआरसी ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक किसान को उसके गंदे कपड़ों के कारण मेट्रो ट्रेन में न चढ़ने देने के मामले में बुधवार को कर्नाटक सरकार और बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) से रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव और बीएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने इस प्रकार के कृत्य को मानव अधिकारों का उल्लंघन बताया है। आयोग ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति को उसके पहनावे की प्रकृति के आधार पर लोक परिवहन तक पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकता है। यदि किसी के पास कोई आपत्तिजनक सामग्री है तो उसे कानून के प्रावधानों के तहत ही रोका जा सकता है।

## दंगाइयों के लिए काल है पीएसी, पिछली सरकारों ने पीएसी को खत्म करने की कोशिश की: सीएम

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 2,310 करोड़ से अधिक के 144 निर्माण कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। बुधवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज एवं कुशीनगर में पर्यटन थाने का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गृह विभाग और पुलिस विभाग को आज 2 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाएं मिल रही हहैं। नए साइबर थाने और थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर नए हो रहे हैं। इसके लिए पुलिस कार्मिको को बधाई। ये नए भारत का नया यूपी, नए यूपी के नए पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बधाई। उन्होंने कहा कि ये सारे कार्य प्रदेश के नए बदलाव की कहानी कहते हैं। यही प्रदेश था जहां कोई आना नही चाहता था। यूपी का युवा बाहर जाकर अपनी पहचान छिपाता था। जैसे आदमी की शरीर से आत्मा निकाल दे तो सब व्यर्थ होता है, वैसे ही जनपद तो बना दिये गए थे, पुलिस लाइन गायब थी, हम पहली बार 4 जनपदों में नए पुलिस लाइन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जनपद में जो सबसे बड़ी बिल्डिंग होगी वो पुलिस लाइन की पुलिस बैरक पुलिस हॉस्टल बिल्डिंग की होगी। आज हर जनपद की पुलिस लाइन या हर थाना क्षेत्र में पुलिस हॉस्टल या पुलिस बैरक का या तो निर्माण हो गया है या हो रहा है। इसमे जो भी पैसा लगा वो हमने लगाया। पिछले 6 से सात वर्षों में हमने सिर्फ पुलिस अवस्थापना और सुविधाओ के लिए ही 18 से 20 हजार करोड़ रुपये दिए है। आज उत्तरज प्रदेश कह सकता है कि आज देश मे सबसे उन्नत और सबसे बेहतरीन पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे पास है। यही प्रदेश दंगाग्रस्त था, अर्थव्यवस्था में छठे सातवे पायदान पर था,देश के विकास के ब्रेकर बैरियर के रूप में जाना जाता था। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।



# पीएम किसान दिवस उत्सव के साथ ही जायद गोष्ठी का किया गया आयोजन





अखंड भारत संदेश

**जसरा।** विकास खंड जसरा में पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा यावतमाल महाराष्ट्र से एक साथ ढाई करोड़ किसान भाइयों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजी गई। विकास खंड में पीएम किसान दिवस उत्सव कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही जायद फसल की शुरूआत में किसान भाइयों को जागरूक करने के लिए जायद गोष्ठी का आयोजन किया गया। बता दे कि विकास खंड जसरा में इस योजना के अंतर्गत 24500 किसान लाभ प्राप्त कर चुके हैं। साथ ही नए किसान को भी इस योजना के अंतर्गत जोड़ा जा रहा है। खंड विकास अधिकारी जसरा अनीस अहमद ने किसान भाइयों एवं सभागार में उपस्थित प्रधान एवं अन्य को विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। कृषि विभाग से आये राजकीय बीज भण्डार जसरा के प्रभारी कमाल अहमद,एसएमएस बारा मुकेश कुमार ,जयवीर सिंह, अवनीश मिश्रा, गौतम सिंह ने किसान भाइयों को कृषि विभाग की जानकारी दी। इस अवसर पर एफपीओ बुदांवा के डायरेक्टर त्रिभुवन नाथ पटेल,भैया लाल पटेल, अनुराग मिश्रा, प्रधान विजय बहादुर पटेल, राम कैलाश ,राम अभिलाष पटेल, सुल्तान अहमद, सुशील कुमार शुक्ला, राजेश कुमार उर्फ खन्ना सहित दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद रहे।



## झूंसी पुलिस के साइबर सेल ने धोखाधड़ी के शिकार युवक का 50 हजार वापस लौटाया

**झूंसी।** ऑनलाइन गेमिंग के साथ विभिन्न तरीकों से लोगों को गुमराह कर लगातार धोखाधड़ी का शिकार बनाए जाने की घटनाओं लगातर वृद्धि हो रही है। ऑनलाइन फ्राड के शिकार बन रहे लोगों के लिए झूंसी पुलिस की साइबर सेल किसी वरदान से कम नही है जो आए दिन ऐसे पीड़ितों का पैसा वापस कराकर सुर्खियां बटोर रहे है। ताजा मामले में पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार एक युवक का पचास हजार रुपए वापस कराकर तो चेहरे पर मुस्कान वापस लौटाया। झूंसी थाने के साइबर हेल्पडेस्क में तैनात उ0नि0 मुकेश कुमार पाल, कम्प्यूटर आपरेटर मनोज कुमार यादव के अथक प्रयास से साइबर ठगी के शिकार हरफुल यादव पुत्र मुन्नालाल यादव, निवासी निबैया छिबैया ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराया था। साइबर सेल द्वारा तत्काल पैसा होल्ड करा दिया गया था। बुधवार को भुक्तभोगी के खाते से कटे हुए व होल्ड कराये हुए रुपए को उसके खाता में वापस कराया दिया । भुक्तभोगी ने पैसा वापस पाने के बाद साइबर हेल्प डेस्क झूंसी थाना के प्रति आभार व्यक्त किया।

## न्यूज झरोखा

### डॉ पूनम पटेल भाजपा जंघई मंडल प्रभारी नियुक्त हुआ स्वागत



**जंघई।** जंघई मंडल की नव नियुक्त प्रभारी डाक्टर पूनम पटेल का स्वागत बुधवार को मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र जायसवाल के जंघई आवास पर किया गया। जंघई मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता, जंघई शक्ति केंद्र संयोजक मनीष जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष अरुण दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजा मौर्य, व्यापार मंडल जंघई अध्यक्ष बबलू इलाहाबादी, मंडल मंत्री मनोज मौर्य, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री अमित गुप्ता, पिलखिनी शक्ति केंद्र संयोजक अजीत मिश्रा रिंकू, राजेश प्रताप राजू सिंह, शैलेश पाठक, बबलू सिंह, सुनील जायसवाल मास्टर, सूजल जायसवाल एवं अन्य कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पूनम पटेल का स्वागत अभिनंदन करते भारतीय जनता पार्टी एवं प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने हेतु विचार विमर्श किया। स्वागत अभिनंदन के बाद लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम सभा में घर-घर भ्रमण भी किया गया।

### अच्छा कार्य करने के लिए पार्षद ने किया सम्मानित



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर चंद्राकर का माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव महामंत्री उमेश सेन पार्षद मयंक यादव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी के द्वारा अच्छा कार्य करने के लिए नगर निगम के इंस्पेक्टर चंद्राकर को मालाअर्पण करके सम्मानित किया गया।

### प्रधान संगठन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मेजा।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने बुधवार को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को संबोधित मांग पत्र खंड विकास अधिकारी उरुवा को सौंपा। उल्लेखनीय है कि प्रधान संघ अध्यक्ष उरुवा राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में मौजूद प्रधानो ने अपनी 12 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी उरुवा को दिया है। इस मौके पर खानपुर प्रधान प्रतिनिधि जटा शंकर गुप्ता सहित भारी संख्या में प्रधान व प्रधान प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### आशुतोष मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**हनुमानगंज।** धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस दौरान रेड, येलो , ग्रीन और ब्लू हाउस के बीच तीन राउंड में क्विज प्रतियोगिता के प्रश्न पूछे गए कदोनों ही वर्गों में येलो हाउस विजेता रहा। विजेता टीम को एक ट्रॉफी तथा टीम के सभी सदस्यों को गोल्ड मेडल दिया गया। इसी प्रतियोगिता में ब्लू हाउस को उपविजेता घोषित किया गया टीम के सदस्यों को सिल्वर मेडल दिया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रो.जेपीएन मिश्रा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के हर बच्चे में सीवी रमन बनने की क्षमता है, बस आवश्यकता है तो इस बात की, कि बच्चों को रचनात्मक चिंतन की प्रेरणा दी जाए। कार्यक्रम का कुशल आयोजन वाइस प्रिंसिपल अदिति सिंह ने किया तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में अमित कुशवाहा शोभित त्रिपाठी, वादेंद्र सिंह, दीपांशु पांडे, मानसी सिंह, सीमा तिवारी एवं सुरभि शुक्ला आदि ने सक्रिय सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### लोकसभा चुनाव : बूथ स्तर पर कांग्रेस का मंथन



**करछना** ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष यमुनापार अरुण तिवारी के नेतृत्व में समस्त न्याय पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं सभी बूथ अध्यक्ष की बैठक की गई। जिसमें चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श करते हुए जिलाध्यक्ष अरूण तिवारी जी ने कहा कि हमें हर बूथ पर कार्य करने की जरूरत है और इस लोकसभा चुनाव में हमें हर हाल में करो या मरो का फंडा अपनाना होगा जब तक कि हम विजय को हासिल ना कर लें इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में हर वर्ग परेशान है लोगों का उम्मीद कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की तरफ है हमें गहराई से जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़नी होगी।साथ ही साथ बैठक में जिला महासचिव पी सी सी सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी जी ने पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य संकट में है ऐसे में भाजपा की विफल नीतियों से जनता तंग हो चुकी है। बैठक में नागेश पाण्डेय जिला सचिव ने कहा मोदी सरकार सिर्फ मन की बात करती है जनता में महंगाई चरम सीमा पर है हर चीज महंगा है ऐसे में भाजपा सर सिर्फ बड़े बड़े दावे करती है जो कि जमीनी स्तर पर इसका कहीं भी झलक नहीं दिखाई दे रहा है।इस बैठक में ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय, सुरेश पटेल, अनिल मिश्रा, रसीद हैदर, गजेन्द्र तिवारी, संतोष पाण्डेय, आशीष मिश्र एडवोकेट, रविराज सिंह, संजय सिंह, अतुल तिवारी, रेखा पाण्डेय, प्रमोद तिवारी, राजेश तिवारी, संतोष दुबे, श्याम बाबू भारतीय आदि लोग मौजूद रहे।

### अपना राजनीतिक ताकत देखाने के लिए एकत्रित हों सभी मुसलमान : इसरार



**मऊआइमा।** उत्तर प्रदेश में मुसलमान की बीस प्रतिशत मुस्लिम जनसंख्या है। परन्तु उनका कोई राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं है। अपना राजनीतिक ताकत बनाने और पिछड़ेपन से निजात पाने के लिए मुसलमान को एकजुट होना होगा। और एक साथ अपना राजनीतिक भविष्य देखना होगा। यह बातें मऊआइमा के किरांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम के पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष इसरार अहमद ने कहीं। पार्टी के प्रदेश सचिव मुजीबुर रहमान तथा गंगा पार जिला अध्यक्ष मेराज अहमद ने आगामी लोकसभा चुनाव में सबको एकजुट रहने की नसीहत की। कार्यक्रम को मोहम्मद आमिर बादशाह शौकत अली मंजर आलम ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बुलाकी सफीक उद्दीन आरिफ खान इमरान अहमद मोहम्मद आसिफ वसीम और नासिर आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्राः जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने और लाभ उठाने की अपील

### नगर पंचायत शंकरगढ़ में लगाई गई स्टाल



**बारा/शंकरगढ़।** विकसित भारत का संकल्प लिए ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न बुधवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ पहुंची।जहां कई मोहल्लों में स्टाल लगाकर स्थानीय लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नगर पंचायत के सहयोग से यह जागरुकता कार्यक्रम सेन नगर और नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें जिला कोऑर्डिनेटर (बीपीएम) हर्ष देव सिंह ने आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तार प्रकाश डाला और बताया कि यह यात्रा क्यों जरूरी है।उन्होंने संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना,पीएम आवास योजना समेत तमाम योजनाएं जो संचालित हो रही हैं, जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लिए लोगों का पंजीकरण भी किया गया।लिपिक प्रदीप कुमार ने बताया कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र और हकदार व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए और जानकारी प्रदान करने के लिए चलाई जा रही है।कार्यक्रम में मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी, राहुल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## कवियों एवं कलाकारों ने गायक पंकज उदास को दी श्रद्धांजलि

**सहसों।** चकिया घरहरा गांव स्थित युवा कवि धनंजय शाश्वत के आवास पर वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध कवि लाल जी देहाती के अध्यक्षता में एक शोकसभा आयोजित कर फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध गायक एवं गजल सम्राट पंकज उदास जी के निधन पर क्षेत्र के कवि, संगीत प्रेमी तथा कलाकारों ने श्रद्धा सुमन के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर गायक विकास इलाहाबादी ने श्रद्धांजलि देते गजल सम्राट पंकज उदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र के कवियों एवं कलाकारों में भारी शोक व्याप्त है। 90 के दशक के सर्वश्रेष्ठ गजल गायकी में शुमार पंकज उदास जी के गीत हमेशा से फूहड़ता से परे पारिवारिक दृष्टिकोण से लोगों के साथ बैठकर सुनने योग्य रहा है। उन्होंने कहा पंकज उदास जी के फिल्म जगत में योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने पंकज उदास जी के आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष राजन मिश्रा, कवि राजकुमार अंजना, अमित आभास, राजकुमार पांडे सहित दर्जनों संगीत प्रेमी एवं कलाकार श्रद्धांजलि अर्पित करते उपस्थित रहे।

## बेकाबू इटिका कार पेड़ से भिड़ी ,इरफान अली चालक समेत गेंद लाल घायल , हालत नाजुक



**लालापुर।** शहर से देर रात लालापुर की ओर जा रही एक कार बेकाबू होकर घूरपुर के कैनुआ गांव के पास सड़क किनारे स्थित एक बबूल के पेड़ से भिड़ गई । घंटो बाद ग्रामीणों को पता चला तो मशक्कत कर दोनो घायलों को निकाला और अस्पताल के लिए भेजा । बताया गया कि दोनो की हालत नाजुक है। लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव निवासी इरफान अली पुत्र मुनव्वर अली गांव के ही गेंद लाल की बेटी जो शहर के अस्पताल में भर्ती थी को देखने के लिए अपनी कार से गया हुआ था। मंगलवार की देर रात लगभग 11 बजे दोनो कार में सवार होकर प्रयागराज से घर के लिए निकले थे ।कार घूरपुर चौराहे से घूमकर कंजासा गांव को पार की थी कि कैनुआ गांव के पास कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे स्थित एक बबूल के पेड़ से बुरी तरह से भिड़ गई। घटना के काफी देर बाद ग्रामीणों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे कार में फसे दोनो उपरोक्त लोगो को निकाला तो दोनो बुरी तरह से चोटिल होकर बेसुध हो चुके थे । सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस से दोनो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इरफान अली कोमा में है और गेंद लाल की स्थित नाजुक बताई गई है।

## मेजा ऊर्जा निगम में मुफ़्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया



**मेजा।** बुधवार को मेजा ऊर्जा निगम में स्थित आरोग्यम अस्पताल ने नैगम सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान लोगों की आँखों की जाँच की गई जिसमें परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से लोगों ने हिस्सा लिया। मेजा ऊर्जा निगम के सीइओ सुनील कुमार ने इस पहल को सराहा और सभी को प्रोत्साहित किया और कहा इस तरह के प्रयास हम समय-समय पर करते रहे हैं ताकि हमारे आस-पास के समुदायों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। शिविर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक सरित महेश्वरी ने अन्य विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया। इस कार्यक्रम के दौरान आरोग्यम अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा पांडेय ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिविर में जिन भी लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत निकलेगी उन सभी का ऑपरेशन मुफ़्त में अत्याधुनिक आइओएल विधि द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही उनकी दवाई रहने एवं खाने का खर्चा मेजा ऊर्जा निगम उठाएगा। डॉ मनीषा पांडेय ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में नेत्र से संबंधित समस्याओं को वरीयता देते हुए हमने इस शिविर का आयोजन किया जिससे बुजुर्ग वर्ग को काफी राहत मिलेगी क्योंकि कई बार पैसे के अभाव में और अपनी उम्र की असमर्थता के कारण वह लोग इलाज नहीं करवा पाते हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि इस प्रयास के तहत हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कर सकें। साथ ही, नेत्र संबंधित अन्य जाँचे भी की गई। शिविर समापन के दौरान वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ वरुण खरबंदा ने वहाँ मौजूद लोगों को कई नेत्र सुरक्षा संबंधित उपाय भी बताये। कार्यक्रम के अवसर पर, वरिष्ठ अधिकारीगण डॉक्टर आस-पास के ग्रामवासी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## नैनी में कार्यकताओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत शंकर ढाल नैनी पर विकसित भारत वन का स्वागत महानगर महामंत्री किसान मोर्चा शनि सिंह जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव पार्षद मयंक यादव पार्षद राकेश जयसवाल नीरज शर्मा सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी महानगर मंत्री अरुण दुब महामंत्री उमेश सेन नित्यानंद मिश्रा पीयूष कांत मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य महानगर नितिन केसरवानी उर्फ बबलू कार्यकारिणी सदस्य महानगर सुनील विश्वकर्मा रमेश पटेल राकेश उपाध्याय विजय केसरवानी। कार्यकताओं ने विकसित भारत यात्रा का स्वागत शंकर ढाल नैनी में किया गया सभा को संबोधित करते हुए महामंत्री किसान मोर्चा महानगर शनि सिंह ने कहा विकसित भारत का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने के पूरे अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि आज भारत का नाम पूरे विश्व में गूंज रहा है जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जन जन तक की सेवा करने का जो संकल्प लिया था आज संपूर्ण रूप से पूरा हो रहा है भारत विकसित राष्ट्र बनाकर के तैयार है आगामी होने वाले चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी पार्षद मयंक यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता है जो कांग्रेस सरकार ने वर्षों में नहीं कार्य किया वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल में इतना विकास कर दिया गरीबों का उत्थान किया किसानों का सहयोग किया कोई भी देश का प्रधानमंत्री ऐसी योजनाएं नहीं ला सकता कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंग ने किया।

## गंगा महोत्सव कार्यक्रम में किन्नर समुदाय द्वारा दिया गया स्वच्छता संदेश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गंगा महोत्सव कार्यक्रम का अयोजन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन एवं जिला गंगा समिति प्रयागराज के द्वारा संगम में आयोजित किया गया है जिसमे किन्नर समुदाय की सहभागिता से कई कार्यक्रम आयोजित किए ' सबसे पहले नुक्कड़ नाटक तथा गंगा स्वच्छता पद यात्रा बड़े हनुमान मन्दिर का शुभारंभ मुख्य अतिथि किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी टीना मां एवम जिला गंगा समिति सचिव महावीर कौजलगी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया ' कार्यक्रम में एसडीओ संगीता,कम्युनिकेशन यूनिट हेड सोनालिका सिंह, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह , सामाजिक कार्यकर्ता नाजिम नसारी ,सिविल डिफेंस के राकेश तिवारी व टीम, गंगा टास्क फोर्स, नगर निगम टीम , राजू भईया यूनिवर्सिटी के छात्रों की टीम, दुकान जी उपस्थित रही ' रैली यात्रा में संगम नोज तक प्रयागराज तक किन्नर समुदाय की सहभागिता से सभी को गंगा स्वच्छता के प्रति स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया ' इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में किन्नर समुदाय द्वारा खास गंगा स्वच्छता पर गीत प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश दिया गया जिसमे मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक शेष नारायण उपस्थित रहे' सामाजिक कार्यकर्ता नाजिम अंसारी द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत किया गया ' मौके पर मुख्य वन संरक्षक ने कहा नदी महोत्सव जैसे जागरूकता कार्यक्रम गंगा के पुनरुद्धार में जनभागीदारी के महत्त्व पर प्रकाश डालता है और प्रत्येक व्यक्ति को जागरूकता के साथ प्रकृति से तालमेल बनाना होगा। इसी क्रम में टीना मां ने अपने सम्बोधन में जिला गंगा समिति को किन्नरों को समाज की मुख्य धारा में शामिल कराने के प्रयास और उनको गंगा स्वच्छता अभियान से जोड़ने हेतु आभार व्यक्त किया और कहा की किन्नर समुदाय गंगा स्वच्छता संदेश लोगो तक पहुंचने के आगे आएगा ' डीएफओ महावीर कौजलगी ने किन्नर समुदाय भी देश में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। उन्हें सिर्फ समाज अवसर मिलने की जरूरत है ' कम्युनिकेशन यूनिट हेड सोनालिका ने कहा गंगा स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और सबको प्रदूषण मुक्त करने के लिए आगे आना चाहिए ' डीपीओ एशा सिंह ने नमामि गंगे अभियान में चल रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कार्य तथा कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ से किया गया ' कार्यक्रम के अयोजन में खास सहयोग एनजी ओ बीओसी फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं समर्पित ट्रस्ट का रहा।

## संगम पर्यटन पुलिस थाने की शुरूआत, सीएम योगी ने ऑनलाइन किया शुभारंभ, श्रद्धालुओं को मिलेगी मदद

**प्रयागराज।** कुंभ नगरी में आने वाले हजारों विदेशियों की मदद के लिए अब संगम नगरी में पर्यटन थाना तैयार हो गया है। प्रयागराज के संगम क्षेत्र में बने इस पर्यटन थाने की शुरूआत बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑनलाइन की। आगरा के बाद प्रयागराज में यह पर्यटन थाना प्रदेश में दूसरा है। करीब 42.25 करोड़ की लागत से इस थाने का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। अभी यह पर्यटन थाना अस्थाई रूप से संचालित होगी। संगम पुलिस चौकी के करीब ही थाना बनाया गया है। यहां संगम पर्यटन पुलिस थाना का बोर्ड लगा दिया गया है। बुधवार को डीसीपी सिटी दीपक भूकर समेत अन्य पुलिस अधिकारी थाने में मौजूद रहे। अब पर्यटन थाने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। संगम नगरी घूमने आए लोगों को परेशानी होने, उनके साथ घटना होने पर यही थाने की पुलिस मदद में आगे आएगी।

## मंदिर की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाने के सुदनीपुर कला गाँव में ग्राम देवी मंदिर की जमीन पर कब्जे की शिकायत पर पहुची पुलिस ने काम रुकवाया। वही राजस्व कर्मी मामले में चुप्पी साधे है। गांव के बीच एक ग्राम देवी का सैकड़ों वर्ष पुराना मिट्टी का कच्चा चबूतरा और पुराना नीम का पेड़ था बाद में लोगो के सहयोग से पक्का चबूतरा और एक छोटा मंदिर भी बनवाया गया। आम दिनों के अलावा नवरात्रि में आस पास की महिलायें यहा पूजा अर्चना करने आती हैं। आरोप है कि गांव के दबंग भाइयो द्वारा ग्राम देवी मंदिर की जमीन पर कब्जे की नीयत से बाउंड्री बनवा रहे है। कुछ ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो दोनों भाई मारपीट करने पर अमादा हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

# मण्डलायुक्त ने किया महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा आज मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में संपन्न हुई जिसमें मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की बिंदवार समीक्षा करते हुए सभी कार्यों का स्टेज वाइज सत्यापन एस0डी0ओ0 अथवा सक्षम अधिकारी से अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में गाइडलाइंस के अनुसार जिस अनुपात में जिस मटेरियल को मिलाना चाहिए उसे उसी अनुपात में मिलाकर कार्यों का क्रियान्वयन करने को कहा। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर अथवा गुणवत्ता संबंधित ऑब्जेक्शंस का कंप्लायंस न किए जाने पर संबंधित एई/जेई के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित होने पर आर0एम0 रोडवेज से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत चल रहे निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

## डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बुधवार को महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। सर्वप्रथम उन्होंने फाफामऊ में उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 द्वारा शान्तीपुरम गोहरी होते हुए सोरांव मार्ग पर रेलवे क्रासिंग संख्या 1सी/2-टी पर निमार्णाधीन फोर लेन रेल उपरगामी सेतु निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर निर्माण कार्य हेतु प्रयुक्त की जा रही सामाग्रियों की गुणवत्ता एवं उसकी जांच के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए जांच रिपोर्ट को भी देखा। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच नियमित अंतराल पर थर्ड पार्टी से कराये जाने एवं दोनों की संयुक्त रिपोर्ट दिए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने वहां पर प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामाग्री को क्यूब टेस्टिंग के माध्यम से भी जांचा तथा प्रयुक्त किए जा रही सामाग्रियों का सैम्पल कलेक्ट कराते हुए उसकी जांच कराये जाने के लिए कहा है।इसी क्रम में जिलाधिकारी ने शांतिपुरम से सोरांव तक बनायी गयी सड़क का भी निरीक्षण किया तथा उसकी खुदायी कराकर उसके गुणवत्ता एवं मानक का भी निरीक्षण किया तथा निर्माण में प्रयुक्त सामाग्री का सैम्पल जांच भी करायी जाने हेतु कहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### छात्र नेता को एसटीएफ ने हिरासत में लिया



**प्रयागराज।** आरओ-एआरओ परीक्षा को लेकर प्रयागराज में छात्रों के विरोध प्रदर्शन और हंगामे को लेकर एक नया मामला सामने आया है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर का आरोप है कि आंदोलन तोड़ने के लिए एसटीएफ ने छात्रनेता को जबरन हिरासत में रखा। उनका कहना है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रनेता आदर्श भदौरिया को 25 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे उनके लक्ष्मी चौराहा स्थित लॉज से उठाया गया। 28 फरवरी तक जबरदस्ती अवैध हिरासत में रखा गया। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है। डीजीपी यूपी को भेजी शिकायत में उन्होंने कहा कि आदर्श भदोरिया द्वारा बताए गए तथ्यों के अनुसार उन्हें एसटीएफ ने जबरदस्ती लॉज से उठा लिया था। पहले थाना कैंट और उसके बाद उन्हें थाना कीडगंज ले जाकर 28 तारीख तक रखा गया। इस दौरान उनसे लगातार केवल यह कहा जाता रहा कि वह आरओ एआरओ परीक्षा में कोई धरना प्रदर्शन नहीं करेंगे।अमिताभ ठाकुर ने इसे अत्यंत गंभीर मामला बताते हुए इसकीजांच कराके कार्रवाई की मांग की है।

### आज के वैज्ञानिक छात्र कल के राष्ट्र निर्माता : डॉ रमेश चंद्रा



**नैनी।** नैनी बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आदर्श इंटर कॉलेज ग्राम डांडी नैनी में विद्यालय के बच्चों द्वारा साइंस मॉडल की कार्यशाला लगाई गई जिसमें बच्चों ने बहुत ही अत्यधिक सुंदर ढंग के साइंटिफिक मॉडल तैयार किए थे। बच्चों ने अपने मॉडल के साथ उसका प्रदर्शन भी किया और अपने मॉडल के बारे में पूरा व्याख्यान भी दिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ रमेश चंद्रा ने अपने व्यक्तव्य में यह बताया कि आज के बच्चे कल हमारे नवीन भारत के नव निमार्ता है। यह बच्चे आगे चलकर अपने क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य करेंगे। उन्होंने बच्चियों के द्वारा बनाए गए मॉडल पर विशेष गौर किया और उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि आज की यह बच्चियों कल पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर चलेगी और अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ेगी। जितने बच्चों ने विज्ञान का मॉडल बनाकर तैयार किया है, यह सारे बच्चे आगे चलकर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करेंगे और नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित, साइंस के अध्यापक भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### चोरी की ई-रिक्शा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**झूंसी।** नई झूंसी इलाकें में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर चोर को झूंसी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को चोरी की ई रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ चोरी के अन्य कई वारदातों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज है। बताते चलें कि थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उ.नि. विपिन कुमार यादव द्वारा मय पुलिस टीम द्वारा बुधवार को रात्रि में चीनी मील के पास नई झूंसी के पास मुखबिर सूचना पर पहुंचकर चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त राकेश सोनकर 40 वर्ष पुत्र स्व. मिठाई लाल, निवासी कटका झूंसी को गिरफ्तार कर अभियुक्त के निशादेही पर चोरी किए गये ई रिक्शा को बरामद कर लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ चोरी के अन्य कई वारदातों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज है।

### अभिभावक अपने बच्चों को शत प्रतिशत नियमित विद्यालय भेजें : सुनीता यादव



**सहसों।** प्रदेश सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-अध्यापक की बैठक व पुरस्कार वितरण का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय रूदापुर सहसों में वार्षिकोत्सव और अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र- छात्राओं द्वारा मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन तथा माता सरस्वती की वंदना से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान सुनीता यादव ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना किया एवं उपस्थित अभिभावकों से शत प्रतिशत बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने और नियमित उपस्थिति का आह्वान किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका जयलक्ष्मी गुप्ता ने विद्यालयी गतिविधियों पर प्रकाश डाला और अभिभावकों को विद्यालय की आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। विद्यालय के इस आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ग्राम प्रधान व सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अखिलेश जी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका अंतिमा सिंह, अमिता, कमला देवी, उर्मिला, सीमा, सुमन, राममुंदर, सोनू गुप्ता, रमेश सहित आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

# मेडिकल बोर्ड में सीएमओ के सामने एसआरएन के दो डॉक्टर भिड़े, मारपीट में एक डॉक्टर लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सीएमओ कार्यालय में सोमवार को दिव्यांग बोर्ड की बैठक के दौरान आई सर्जन दिव्यांग डॉक्टर, आर्थोपेडिक सर्जन के बीच गालीगलौज व जमकर लात-घूंसे चले। इसमें दिव्यांग डॉक्टर के मुंह से खून भी आ गया। घटना की वजह दिव्यांग डॉक्टर के अस्पताल के पंजीकरण में आर्थोपेडिक सर्जन की पत्नी का चिकित्सीय प्रमाणपत्र की प्रति लगना बताया जा रहा है। आर्थोपेडिक सर्जन के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्जकर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।नया कटरा के दिव्यांग डॉक्टर एक सीएचसी में चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, आर्थोपेडिक सर्जन शहर से सटे एक अस्पताल में तैनात हैं। उनकी पत्नी एक स्वास्थ्य केंद्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं। दिव्यांग डॉक्टर व आर्थोपेडिक सर्जन सीएमओ कार्यालय के मेडिकल बोर्ड में दिव्यांगों का परीक्षण कर रहे थे। दिव्यांग डॉक्टर ने अपने पिता के नाम अस्पताल का पंजीकरण कराया था। वही आर्थोपेडिक सर्जन को दिखा खुशी व्यक्त कर रहे थे। इसी बीच पत्र जब आर्थोपेडिक सर्जन की नजर पड़ी तो उसमें उनकी पत्नी का नाम लिखा था। आरोप है कि यह देखते ही भड़क गए और आई सर्जन को जमीन पर पटक दिया। दिव्यांग डॉक्टर जमीन पर तड़पते रहे, फिर कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अस्पताल भेजा। पीड़ित डॉक्टर का आरोप है कि आर्थोपेडिक सर्जन ने उन्हें यह कहते हुए मारा कि उनकी पत्नी संग मेरा अफेयर है। हालांकि, यह भी सवाल उठता है कि मेडिकल प्रमाणपत्र की छायाप्रति उनकी सहमति से थी कि नहीं। घटना शर्मसार करने वाली है। लेकिन, अभी तक प्रमाणपत्र सहमति से लगाया गया था कि नहीं, इस संबंध में मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत आने पर जांचकरा कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. आशु पांडेय, सीएमओ, प्रयागराज

### हाईकोर्ट ने कहा : एक अपराधिक मामले के कारण पासपोर्ट जारी न करना गलत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महज एक अपराधिक मामला लंबित होने के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के इंकार किए जाने को गलत माना। कोर्ट ने पासपोर्ट अधिकरण को याची के मामले में चार हफ्ते में नए सिरे से विचार करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह और न्यायमूर्ति मंजीत शुक्ला की खंडपीठ में हंडिया प्रयागराज निवासी रईस अहमद की ओर से दाखिल याचिका को निस्तारित करते हुए दिया।याची के अधिवक्ता जीशान अहमद का कहना था कि याची जीविकोपार्जन के लिए विदेश जाना चाहता है, जिसके लिए उसने पासपोर्ट जारी करने के लिए आवेदन किया था। आवेदन के साथ पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट भी दाखिल किया था। लेकिन पासपोर्ट अधिकरण की अधिकृत वेबसाइट पर उसका आवेदन लंबित प्रदर्शित हो रहा है। जबकि केंद्र सरकार की वकील की ओर से बताया गया कि याची के खिलाफ एक अपराधिक मामला लंबित पाया गया है। दर्ज है। कोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए पासपोर्ट अधिकरण को याची की पासपोर्ट आवेदन पर नए सिरे से विचार कर आदेश पारित करने का आदेश दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फूलपुर रजिस्ट्री दफ्तर में लगी आग, महत्वपूर्ण फाइलें व कागजात जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** संदिग्ध परिस्थितियों में फूलपुर रजिस्ट्री दफ्तर में लगी भीषण आग के दौरान तमाम महत्वपूर्ण कागजात, कम्प्यूटर समेत अन्य उपकरण जलकर खाक हो गए। सुबह फायर ब्रिगेड कर्मियों की घंटों मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर घटना से अवगत कराया।फूलपुर तहसील परिसर में ही रजिस्ट्री दफ्तर स्थापित है। रोज की तरह सोमवार को दफ्तर बंद कर सभी अधिकारी व कर्मचारी घर चले गए। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे संदिग्ध परिस्थितियों में रजिस्ट्री दफ्तर के अंदर आग लग गई। आग की लपटे और धुंआ उठता देख लोगों ने शोर मचाया तो तहसील परिसर में तैनात गार्ड वहां पहुंचे। सूचना पर फायर ब्रिगेड कर्मी भी मौके पर आ गए और घंटे भर की कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही उपनिबंधक रजिस्ट्री फूलपुर डॉ. प्रभा मिश्रा भी मौके पर पहुंची। आग बुझने के बाद देखा गया तो तमाम महत्वपूर्ण फाइले, रसीद सहित अन्य जरूरी कागजात जल गए थे। रजिस्ट्री दफ्तर में विद्युत शार्टसर्किट या फिर आग कैसे लगी, यह बात उप निबंधक व दफ्तर के कर्मचारी भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। उप निबंधक डॉ. प्रभा मिश्रा का कहना है कि संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग की सूचना उन्होंने जिलाधिकारी प्रयागराज व प्रमुख सचिव रजिस्ट्री को दे दी हैं। एसडीएम तपन मिश्र मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

**और बच गई सात लाख रुपयों से भरी तिजोरी**

रजिस्ट्री दफ्तर में जिस जगह आग लगी वहीं पर कार्यालय की तिजोरी भी रखी हुई थी। उप निबंधक रजिस्ट्री फूलपुर के मुताबिक तिजोरी में सात लाख रुपये नकद रखे थे। तिजोरी ऊपर से तो जली है, लेकिन उसे खोला गया तो पूरे रुपये सुरक्षित मिले। जिन्हें बैंक में जमा करा दिया गया है।

**नहीं हुई रजिस्ट्री, लाखों के राजस्व की क्षति**

फूलपुर स्थित रजिस्ट्री दफ्तर में आग लगने की वजह से मंगलवार को रजिस्ट्री का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया। ऐसे में रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंचे दर्जनों लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। वहीं प्रतिदिन जहां सरकार के खाते में लाखों की आय होती थी। वहीं मंगलवार को लगभग 50 लाख से अधिक रुपयों के राजस्व की क्षति हुई।

# अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन सकुशल सम्पन्न हुआ

**इलाहाबाद गेस्ट हाउस एसोसिएशन व फायर विभाग द्वारा अग्निशमन सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन सकुशल सम्पन्न**




**नैनी।** नैनी बुधवार को सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस, नैनी में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नैनी द्वारा अग्नि सुरक्षा तथा अग्निशमन उपकरण उपयोग विस्तार से कार्यशाला के रूप में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और उपाकरण जिससे तत्काल प्रभाव में प्रथम प्रयोग कर बचाव किया जाता है इसकी भी जानकारी के लोगों को एक एक कर खुद प्रशिक्षण भी दिया गया। अध्यक्ष गुफरान अहमद ने गेस्ट हाउस संचालकों व तमाम व्यापारी गण से निवेदन किया अग्निशमन सुरक्षा को अपनी नैतिक दायित्व समझना और समाज में अनवरत प्रयास कर जागरूकता की मुहिम को सफल बनाना हमारा लक्ष्य है। सिविल डिफेंस के रौनक गुप्ता ने जोश भरी आगाज कर नैतिक दायित्व के प्रति अपनी निष्ठा और सिविल डिफेंस द्वारा आपदा प्रबंधन सड़क सुरक्षा अग्निशमन सुरक्षा जैसे विषय पर 500 से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन कर जागरूकता अभियान चालय गया। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज के आश्वासन पर नैनी अग्निशमन प्रभारी श्री महाँथू, सह प्रभारी भगवान सिंह व सभी फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने भाग लिया। इलाहाबाद गेस्ट हाउस संगठन के अध्यक्ष गुफरान अहमद, उपाध्यक्ष विद्यासागर केसरी, मंत्री शाहिद कमाल बबलू, सी पी सिंह, फरीद अहमद, कृपा शंकर तिवारी वह समस्त मेंबर उपस्थित रहे। सिविल डिफेंस डिविजनल ऑफीसर युथ आइकॉन रौनक गुप्ता, रमाकांत सिंह, अजय कुमार सिंह, राजेश यादव, घनश्याम जायसवाल व अन्य उपस्थित रहे। नैनी व्यापार मंडल व नई बाजार व्यापार मंडल व्यापरीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अलोक जायसवाल व कुशल संचालन आकाश जायसवाल द्वारा किया गया।

# मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र, दिव्यांगों को दी ट्राइसाईकिल




**प्रयागराज।** राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को प्रयागराज में सीसीसी प्रमाण पत्र का वितरण किया। जिला पंचायत परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि रहे। सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। दिव्यांग बच्ची गुनगुन जायसवाल ने सरस्वती वंदना की। राज्यमंत्री ने 100 दिव्यांगों को ट्राइसाईकिल, 100 व्हील चेयर, 50 ब्रेल किट, 250 कान की मशीन बांटा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से 100 पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को ओ-लेवल, सीसीसी प्रमाणपत्र का वितरण किया गया।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। सबका साथ-सबका विकास- सबका विश्वास-सबका प्रयास के सिद्धांत पर दिव्यांगजनों का जीवन सशक्त बनाय जा रहा है। समाज का हर दिव्यांग बच्चा व बच्ची अपने अंदर दिव्य शक्ति को संजोये हुए है, जो कभी भी अपनी दिव्य शक्ति के आधार पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकता है।

# अक्षर फाउंडेशन के द्वारा 700 बच्चों के मध्य पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण




**प्रयागराज।** विहंगम योग संस्थान की एक विशिष्ट इकाई अक्षर फाउंडेशन के द्वारा प्रतिवर्ष स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के ज्येष्ठ आत्मज श्री अक्षर देव जी के पावन जन्मोत्सव पर न सिर्फ भारत भूमि में अपितु विश्व के अन्य देशों में भी स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य-सामग्री उपहार स्वरूप वितरित की जाती है। यह विशिष्ट सामाजिक सेवा अभियान इस वर्ष भी 25 फरवरी से सप्ताह व्यापी महाभियान के रूप में संचालित है। अभी तक पूरे देश में 200 से भी अधिक स्थलों पर यह महाअभियान संचालित हो चुका है और अभी कुछ स्थलों पर होना शेष भी है। इस मौके पर स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में दो दिनों तक झूंसी छतनाग के 3 विद्यालय, फूलपुर, चकरा के 3 प्राथमिक विद्यालय तथा माघमेला क्षेत्र के आसपास रह रहे कुछ गरीब बच्चों सहित कुल 7 स्थलों पर 700 बच्चों के मध्य उपहार सामग्री का वितरण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने कहा- बच्चे केवन भविष्य ही नहीं हैं बच्चे देश के वर्तमान भी हैं। देश हमारा आगे बढ़े, हर दृष्टि से हमारा प्यारा देश भारत आगे बढ़े इसमें आपकी जो भूमिका है और होने वाली है वह बहुत अद्भुत है। आप सबों के अन्दर भी योग, अध्यात्म का प्रवेश हो हम सबों की यही शुभेच्छा है। योग साधना के अभ्यास से आप सभी अन्दर से मजबूत बनोगे और अपनी शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ोगे। संत प्रवर ने कहा- शिक्षा से ही राष्ट्र का विकास संभव है। ज्ञान मनुष्य का सबसे बड़ा धन है, यह एक ऐसा धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता, कोई छीन नहीं सकता। जितना समय हम अपने अध्ययन में देंगे उतना ही हम देश के लिए उपयोगी होंगे, समाज के लिए उपयोगी होंगे। हमें सबके लिए उपयोगी होना है।महाराज श्री ने कहा- देश की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। हमारा प्यारा देश भारत न केवल विश्व का गुरु था, बल्कि है और आगे भी रहेगा। भारत को हर दृष्टि से आगे बढ़ाने में हमें ही अपना योगदान करना है। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि भारत भूमि में जन्म हुआ है और उससे भी परम सौभाग्य है कि तीर्थराज प्रयाग में पावन गंगा तट के समीप हम जन्म लिए हैं। इस परम पावन भूमि पर अनेक ऋषि महर्षियों का वास रहा है। यह स्थल विहंगम योग के प्रणेता महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की पावन तपोभूमि है।इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, योगेन्द्र गुप्ता, डॉ. सच्चिदानंद, प्रेम कुमार, रोहित सिंह, अरविन्द चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### शुआट्स के निदेशक बिनोद बी लाल की जमानत खारिज

**प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबाटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के निदेशक बिनोद बी लाल की जमानत अर्जी खारिज खारिज हो गई। यमुनानगर के नैनी थाने में जानलेवा हमले के मामले में दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने आरबी लाल, बिनोद बी लाल समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में शुआट्स के वीसी आरबी लाल की गिरफ्तारी हुई थी।बिनोद बी लाल पर साजिश रचने का आरोप लगा था। बुधवार को जिला अदालत में मामले की सुनवाई के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी गई। बिनोद बी लाल, आरबी लाल पर धर्मांतरण, वित्तीय अनियमितता और फजीर्वाड़े के मामले भी दर्ज हैं। 23 फरवरी को कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कुलपति आरबी लाल पर 27 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। बिनोद बी लाल पर भी एक दर्ज मामले दर्ज हैं। आरबी लाल इन दिनों नैनी सेंट्रल जेल में हैं। उनके भाई बिनोद बी लाल भी नैनी जेल में ही हैं। कुलपति आरबी लाल के एक दर्जन से अधिक मामलों में पुलिस चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है।


## कार्यालय जिला पंचायत , कौशाम्बी

पत्रांकः 5303 /निविदा-जि0पं0कौ0/2023-24 दिनांक 27.02.2024

**अल्पकालिक ई-निविदा-सूचना**

जिला पंचायत कौशाम्बी व पंचायतीराज अनुभाग-2 के शासनादेश संख्याः 1488 (1) /33-2-2020 दिनांक : 24 जुलाई 2020 द्वारा जिला पंचायत कौशाम्बी व लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्र संख्याः5301/निविदा-जि0पं0कौ0/2023-24/ दिनांक 27.02.2024 के द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15 वॉ वित्त आयोग (टाइड-अनटाइड) योजनान्तर्गत से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष कुल 36 निर्माण कार्यो की निविदा ई-टेण्डर प्रणाली के माध्यम से दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की गयी है, जिसे उक्त अवधि के दौरान निविदा कभी भी www.etender.up.nic.in पर अवलोकित व डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नवत है-

1. निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि दिनांक 01.03.2024 समय सायं 05.00 बजे से।
2. निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 06.03.2024 समय अपरान्ह् 02.00 बजे तक।
3. ऑनलाईलन बिड खोलने की तिथि दिनांक 06.03.2024 समय अपरान्ह् 02.30 बजे तक।
4. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(श्री अरूण प्रताप भारती) अभियन्ता जिला पंचायत, कौशाम्बी

(कमलेश सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, कौशाम्बी

(कल्पना सोनकर) अध्यक्ष जिला पंचायत, कौशाम्बी

# कल्याणकारी योजनाओं का हर वर्ग को मिल रहा लाभः ईओ

## हादीहाल व महुली मण्डी के सामने आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के सौजन्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज बुधवार को शहर के हादीहाल में तथा महुली मण्डी के सामने आयोजित किया गया।

हादीहाल में उप जिलाधिकारी डूडा जितेन्द्र पाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने सरकार की उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना सहित अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर वर्ग के गरीबों को मिल रहा है।



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते एसडीएम डूडा जितेन्द्र पाल व ईओं।

हादीहाल में आयुष्मान कार्ड कैम्प तथा हेल्थ कैम्प भी आयोजित किये गये थे जहां लाभार्थियों की भीड़ रही। हेल्थ कैम्प में लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी जा रही थी। इस अवसर पर एसडीएम डूडा जितेन्द्र पाल ने पीएम स्वानिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

इसी प्रकार का भारत संकल्प यात्रा का आयोजन महुली मण्डी के सामने आयोजित किया गया जहां नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने देश की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। यहां के क्षेत्रीय सभासद दीपक उमरवैश्य ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटा। इस अवसर पर नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, अवर अभियंता जल सभाजीत यादव, मिथिलेश सिंह आदि ने सहभागिता की।



स्मार्ट फोन वितरण के दौरान मौजूद राजा अनिल व छात्राएं।

# अपनी प्रतिभा का सही दिशा में प्रयोग करें छात्र-छात्राएंः राजा अनिल

## पीबीपीजी कालेज में 893 छात्र-छात्राओं को वितरित हुआ स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज सिटी में बुधवार को छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 893 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने एवं प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते हुए प्रबंधक अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि इसका सकारात्मक उपयोग करें। अपनी प्रतिभा का सकारात्मक और सही दिशा में प्रयोग करें। नोडल प्रो.ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने स्मार्टफोन वितरण की प्रक्रिया को बताते हुए एप के बारे में जानकारी दी। संचालन अजीत प्रताप सिंह ने किया। प्रो.रामराज, डा.राजीव कुमार सिंह, डा.वर्षा जायसवाल,डा. अमृता सिंह, डा.वंदना सिंह, प्राची भट्ट, रवि प्रकाश सिंह, बालेंदु सिंह, संदीप मौर्य, संकल्प सिंह, विनोद मौर्य, प्रशांत शुक्ल, उपमन्यु शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रक से दो लोगों को हुई आर्थिक क्षति पर पुलिस ने कराया समझौता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित ट्रक से दो घरों के बरामदों में लगे टिन शेड आदि के क्षतिग्रस्त होने की घटना में पुलिस ने ट्रक चालक को क्लीन चिट दे दी। सांगीपुर उदयपुर होते हुए एक ट्रक सोमवार की रात फतेहपुर जा रही थी। अठेहा मार्ग पर रात करीब ग्यारह बजे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकराने के बाद रामसेवक जायसवाल तथा संजय चैरसिया के बरामदे में जा घुसी थी। इससे दोनों के बरामदे में लगे टिन शेड आदि क्षतिग्रस्त हो गये थे। हादसे में ट्रक चालक व खलासी दोनों को मामूली चोटें भी आयी थी। इधर घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पीड़ित पर दबाव बनाकर ट्रक चालक रायबरेली जनपद के सरैंनी थानान्तर्गत गेगासो निवासी अमन सोनी पुत्र अवधेश सोनी से समझौता करा दिया। हालांकि पुलिस के मुताबिक दोनों पीड़ितो ने क्षतिपूर्ति लेकर खुद से समझौता कर लिया। एसओ राधेबाबू का कहना है कि मामले में दोनों पीड़ित का ट्रक चालक की ओर से क्षतिपूर्ति देने के बाद समझौता हो गया है। ट्रक को छोड़ दिया गया है।

# सरकार महिलाओं को बना रही आत्म निर्भरः संयोजिका

## काव्य सम्मेलन में महिला पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जानता पार्टी महिला मोर्चा से चलाए जा रहे अभियान काव्य सम्मेलन एवं पत्रकार सम्मेलन का आयोजन के तहत संयोजिका के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सारिका श्रीवास्तवा संयोजिका एवं प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बेल्हा प्रतापगढ़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी सुरक्षा के हितो को देखते हुए बहुत सारे कार्य किये है और बहुत सारी नारी शक्ति वंदन के तहत अनेको लाभकारी योजनाए संचालित की है इसके अलावा उनकी सुरक्षा के लिए अनेको कदम उठाये इसके अलावा महिलाओ के सम्मान के लिए मात्री शक्ति वंदन जैसे अनेक कार्यक्रम कराये जा रहे हैं।



काव्य सम्मेलन में सम्मानित महिलाओं के साथ पदाधिकारी।

भाजपा महिला मोर्चा बेल्हा प्रतापगढ़ की सारिका श्रीवास्तवा (प्रवक्ता) ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिए तत्पर है भाजपा सरकार में बहन बेटियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाए संचालित की है ताकि नारी शक्ति समाज में आत्म निर्भर बनके रोज़गार प्राप्त करे तथा देश की उन्नति में अपना योगदान दे सके। महिला सहित्यकारों ने भारत विश्व गुरु बनाने की राह पर विकसित भारत में महिला सशक्तिकरण संस्कृति विरासत को बचाने के लिए पुनराथन विषयो पर काव्य सम्मेलन किया। महिला कवयित्रियों द्वारा काव्य सम्मेलन के साथ साथ कुछ पत्रकार महिलाओ ने भी सहभागिता दी जोकि देश की सेवा के लिए तत्पर रहती है इसी के साथ काव्य सम्मेलन और पत्रकार सम्मेलन में सम्मानित की जाने वाली महिलाओ के नाम कल्पना, अर्चना, चांदनी, सुप्रिया, शोमा, सरिता, रेणुका, अंजली, आशा रहीं। कार्यक्रम में सहभागिता में महिला मोर्चा की प्रतिभा श्रीवास्तव, सुष्मिता देब, मनप्रीत, शैलू दूबे, शमा बानो, प्रेमा गौतम, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुचि केसरवानी एवं प्रवक्ता सारिका श्रीवास्तवा ने सम्मेलित रूप से पुष्प गुछ एवं प्रमाण पत्र से सभी प्रतिभगियो को सम्मानित किया। संचालन एवं संयोजिका सारिका श्रीवास्तव ने किया।

# दो माह से बंद पड़ी एटीएम मशीन से उपभोक्ता परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक की परियावां ब्रांच(6002)की शाखा मे विगत दो माह से एटीएम खराब होने से बैंक के उपभोक्ताओं को एटीएम मशीन से लेन देन न कर पाने से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जब कि ग्राहकों की परेशानी को देखते हुए ब्रांच मैनेजर अमर दीप ने 2-3 बार मशीन को ऊपर शिकायत करके बनवाया जो ज्यादा दिनों तक नही चल सकी इसके बाद फिर प्रयास किया तो बताया कि मशीन खराब हो गयी है जो बन नही पायेगी जिस पर ब्रांच मैनेजर संबंधित विभाग के अधिकारियो को अवगत कराया लेकिन अभी तक ए टी एम मशीन दूसरी नही लग पाई मजे की बात यह भी सामने आ रही है कि एटीएम खराब होने के बाद भी बैंक परिसर मे लगा जगनेटर चालू रहता है और एटीएम के गार्ड की भी डियूटी लगी रहती है आखिर मे किसके लिए यह सब किया जा रहा है जब मशीन खराब पड़ी हुई है तो जगनेटर व एटीएम गार्ड की डियूटी किस बात की है जगनेटर का डीजल खर्च बैंक किस कारण कर रही है। स्थानीय लोगो ने बैंक के उच्चाधिकारियो का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराते हुये शीघ्र से शीघ्र नयी एटीएम मशीन लगवाने की मांग किया है।

# लापरवाह शिक्षकों को बीएसए ने थमाया नोटिस

## सांगीपुर के जगदीशपुर स्कूल का है मामला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल से गायब मिले शिक्षामित्र समेत चार शिक्षको को बीएसए ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। वही प्रधानाध्यापक के कारनामों पर पर्दा डालते हुए रहम दिखाया गया है,जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

विकास खंड सांगीपुर स्थित जगदीशपुर कंपोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षक अभिषेक पांडेय स्कूल न जाकर विना छुट्टी के ही अझारा की सड़क पर महफिल के बीच खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। किसी ने उनकी तस्वीर को कैमरा में कैद करके अधिकारियों के साथ ही सोशल मीडिया पर भेज दिया। संज्ञान में आते ही बीएसए ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने मातहतों से विद्यालय की जांच करा दी। जांच के दौरान स्कूल में तैनात शिक्षक अभिषेक पांडेय समेत चार शिक्षक अनुपस्थिति पाए गए।

घोर लापरवाही की जानकारी होते ही बीएसए का तेवर सातवें आसमान पर दिखा। उन्होंने तत्काल सेवा के प्रति लापरवाह शिक्षको को कारण बताओ नोटिस भेजकर एक सप्ताह के अंतर्गत जवाब देने को कहा है,साथ ही अग्रिम कार्रवाई तक वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। विभागीय कार्रवाई को लेकर अध्यापकों के बीच हड़कंप मच हुआ है। वहीं जांच टीम ने स्कूल के प्रधानाध्यापक को कार्रवाई से बचाने का प्रयास किया है।एक स्कूल से चार शिक्षक विना किसी सूचना के गायब रहे और इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी को न देना ही प्रभारी अध्यापक की संलिप्तता को जाहिर करता है। जब कि शिक्षको का स्कूल न आना और प्रधानाध्यापक जी अपनी नैतिकता को भूलकर मौन बने रहे। यही उनके विरुद्ध कार्रवाई की वजह बन सकती है। फिलहाल मामला कुछ भी हो लापरवाह शिक्षकों पर पर्दा डालने वाले स्कूल प्रभारी पर कार्रवाई का न होना लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## छत से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के थाना संग्रामगढ़ क्षेत्र के गुलनार गांव निवासी हिस्माहीन पत्नी शीलू सरोज (40) वर्षीय मंगलवार की देर शाम लगभग 9 बजे अपने घर के पर किसी काम से गई थी। अचानक पैर फिसल जाने से पर से नीचे गिर गई जो गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे आनन फानन मे परिजन लोग एस आर एन प्रयागराज ले गये जंहा हालत गंभीर देखकर चिकित्सको ने पीजीआई लखनऊ के लिए रिफर कर दिया जंहा उपचार के दौरान मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया मृतिका के 4 बच्चे आकाश अच्छेलाल, पूनम व अंकित है शव घर पहुंचते ही परिजनों मे चीख पुकार मच गई।

# पालि भाषा के ध्वजवाहक बन उत्थान में लगे शिव मूर्ति लाल

## पेशे से डॉक्टर शिव मूर्ति लाल का इसे जनसंवाद की भाषा बनाने का भागीरथ प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वह पेशे से डॉक्टर हैं। अल्टासाउंड और एक्सरे जैसे मशीनों से खेलना उनका काम है। इन दिनों उन पर ईसा पूर्व सम्राट अशोक और बुद्ध के समय प्रचलित प्राचीन भाषा पालि को इस काल में फिर से जनसंवाद की भाषा बनाना का एक जुनून है। वे जिले में पालि के ध्वजवाहक बन उसके उत्थान में जी जान से लगे हैं।

जी, हां बात हो रही है जिले के जाने माने प्रख्यात,अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट सम्राट अशोक के विचारों से प्रभावित डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य की। जो भारत की पालि भाषा जो विलुप्त प्राय होती जा रही है। वह फिर से जनसंवाद की भाषा बने इसके लिए भागीरथ प्रयास करने में तन मन और धन से जुटे हैं।

### इनके अथक प्रयास से 191 परीक्षार्थियों ने हाई स्कूल में दी पालि विषय की परीक्षा

बोर्ड परीक्षा में यह विषय शामिल किया गया है। मगर अफसोस की बात यह है कि इसके परीक्षार्थियों की संख्या नगण्य है। यह भाषा ईसा पूर्व में सम्राट अशोक के शासनकाल में बहुत अधिक प्रचलित थी। भगवान बुद्ध का संदेश इसी भाषा में लिखा गया था। उसके बाद से धीरे धीरे यह भाषा केवल नाम के लिए कागजों तक ही सिमट कर रह गई। यह हिंदी, संस्कृत, अरबी तथा फारसी की तरह ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना स्थान फिर से बना सके इसके लिए डाक्टर शिव मूर्ति लाल हनुमान बन इसे संजीवनी देने का काम कर रहे हैं। डाक्टर शिव मूर्ति लाल का कहना है कि पालि भाषा को आज के समय में लोग जाने सीखे इसके लिए वे प्रयासरत रहते हैं। उनसे जो बन पड़ेगा करेंगे। पालि भाषा में इस वर्ष हाई स्कूल बोर्ड में जिले से 191 लोगों ने परीक्षा फार्म भरा और परीक्षा दी। जिसमें छात्र के अलावा रिटायर कर्मचारी, डाक्टर भी थे। इसके लिए शिव मूर्ति लाल ही सबको एकजुट किए और उन्हें परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। किसी को दिक्कत न आए इसके लिए सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार अरैल और प्रयागराज के भंते नीतेश वर्धन ने पठन सामग्री का संकलन करके पुस्तक का प्रकाशन किया और इसे यूट्यूब पर उपलब्ध कराने का काम किया।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला-शिल्प प्रतियोगिता में दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा

## रायल इंटरनेशनल स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रायल इण्टरनेशनल स्कूल शाहपुर नरायनपुर में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला शिल्प प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रबंधक संजय सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों के बनाये मॉडल की सराहना की। कहा कि आज विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोंच,आभिरूचि, जागरूकता एंव नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यार्थियों ने ड्रोन, एन्टी एक्सीडेन्टल कार सेफ्टी रोबोटिक सिस्टम, जीवो स्टेशनरी सेटेलाइट, सर्विलांस रोबोट,राम मन्दिर मॉडल, ग्रीन अर्थ सिस्टम,सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता समेत विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। विशिष्ट अतिथि एआरपी डा.संजीत शुक्ल एवं विजय विश्वकर्मा ने बच्चों के हुनर को सराहा। घनश्याम, आशीष, शिवम, शक्ति सिंह, अभिमन्यु मादव, रामअवध यादव,धर्मेन्द्र यादव निर्णायक रहे। प्रधानाचार्य दीपा सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। संचालन सूरज पांडेय ने किया। शिखर, रैना, श्रद्धा, शायदा, आरती, मंजू, निशा सिंह, उमा, अंकित चन्द्र यादव, प्रसून, ऋषभ आदि मौजूद रहे।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रबंधक संजय सिंह।

## खेत में लगे दो सबमर्सिबल खोल ले गये चोर, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत चमरूपुर शुक्लान गांव में मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोर खेत में लगे दो सबमर्सिबल खोल ले गये। घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लीलापुर थाना के चमरूपुर शुक्लान गांव निवासी राजेन्द्र मौर्य उर्फ राजा व राकेश रंजन शुक्ल ने अपने खेत में फसल की सिंचाई के लिए कमरा बनाकर सबमर्सिबल लगा रखा है। आरोप है कि मंगलवार की रात अज्ञात चोर सेंधमारी कर सबमर्सिबल के साथ स्टेबलाइजर व पाइप तथा स्टार्टर आदि सामान उठा ले गये। पीड़िजनों का कहना है कि दस दिन पूर्व भी गांव के मन्दिर में लगा घण्टा अज्ञात चोर खोल ले गये थे। एसओ नीरज यादव का कहना है तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेशन पर लगेंगे सौ इंडिकेटर बताएंगे कोच की स्थिति

## कोच पता करने के लिए अब यात्रियों को नहीं करनी होगी भागदौड़, प्लेटफार्म पर इंडिकेटर लगाने का कार्य शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अमुक ट्रेन का स्लीपर, एसी कोच प्लेटफार्म पर किस स्थान पर आकर खड़ा होगा। इसके लिए मुसाफिरों को तनिक भी परेशान होनी की जरूरत नहीं है। क्योंकि उनकी इस समस्या का समाधान रेलवे द्वारा होने जा रहा है। कोच की पोजीशन को बताने के लिए मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन के प्लेटफार्मों पर करीब सौ कोच इंडिकेटर लगने जा रहे हैं। बुधवार को इसके लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया। बताया जाता है कि इसको लगने में करीब दो महीने का समय लग जायेगा।

बता दें कि प्लेटफार्म पर आ रही ट्रेन का फला कोच किस स्थान पर आकर खड़ा होगा। इसके लिए प्लेटफार्मों पर कोच संकेतांक लगे होते हैं। इसमें यात्री का कोच उसके सामने आकर खड़ा जाता है। इससे यात्रियों को चढ़ने में काफी सहूलियत होती हैं। भागदौड़ में उसका समय बच जाता है। इससे वृद्ध और दिव्यांग जनों को काफी सहूलियत होती है। यह सुविधा बड़े स्टेशन पर है। हालांकि मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर कई साल पहले यह सुविधा देने का प्रयास रेलवे द्वारा किया गया था। लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। बता दें कि कुछ साल पहले मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर इसी तरह का प्रयास कोच संकेतांक के लिए रेलवे द्वारा किया था। पोल, सिस्टम सब लगा दिया गया था। लेकिन वह चला ही नहीं है। सूत्रों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करके सिस्टम लगाया गया था जो एक दिन भी नहीं चला। ठेकेदारी में लाखों रुपए बर्बाद हो गया। इसके लिए कर्मचारी भी जिम्मेदार है। आपस की खींचतान का नतीजा था।

### क्या कहते हैं अधिकारी?

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इस बारे में एसएसई टेलीकॉम दिव्यकांत का कहना है कि अभी एक को छोड़कर बाकी प्लेटफॉर्म पर कोच संकेतांक लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक प्लेटफार्म पर करीब छब्बीस पोल लगेंगे। टीटीसी दफ्तर से इसका संचालन होगा। उधर यात्रियों और रेल कर्मियों का कहना है कि जो कोच इंडिकेटर लग रहा है वह चालू होगा इसका लाभ यात्रियों को मिलेगा इसकी क्या गारंटी है। पहले की तरह यह भी सफेद हाथी साबित हुआ तो क्या होगा..! इसको लेकर लोगों में संशय बना है।

# आईजी ने विद्यालय व थाना परिसर का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा जिले के कप्तान सतपाल अंतिल के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर विद्यालय और थाना परिसर का औचक निरीक्षण। आगामी लोकसभा चुनाव निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत देल्हूपुर थाना, थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत विद्यालय सहित कोतवाली मांधाता थाना परिसर में औचक निरीक्षण किया। बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलो के ठहरने एवं समुचित व्यवस्था हेतु थाना क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालय का भ्रमण किया। आईजी प्रयागराज प्रेम गौतम और कप्तान सतपाल अंतिल ने देल्हूपुर थाना अंतर्गत एनआरएस इंटर कॉलेज, कोतवाली मांधाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत जे आर डी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जे जे के विद्या मंदिर में केंद्रीय सुरक्षा बलो के ठहरने की समुचित व्यवस्था के लिए किया औचक निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक निर्देश दिये।



थाना परिसर का निरीक्षण करते आईजी।

## श्रमदान करने से शरीर को मिलती है नयी ऊर्जा की शक्तिः प्राचार्य शिवम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकाकर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन बुधवार को शिविरा र्थियो ने कालेज के बाउंड्रीवाल के बाहर श्रमदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर 24 फरवरी से संचालित है आज पांचवे दिन शिवरार्थियों ने महाविद्यालय के आंतरिक परिसर एवं दिनेश छात्रावास में श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव ने शिवरार्थियों का संवर्धन करते हुए बताया कि सामूहिक श्रमदान का महत्व समाजिकता को बढ़ावा देना है। जो राष्ट्रीयता की भावना को भी बढ़ाता हैश्रमदान करने से शरीर को नयी ऊर्जा मिलती है इसलिए शरीर को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए अपने घर पर रोज एक घंटे श्रमदान करे श्रम दान करने से शरीर का विकास होता है। इस अवसर पर तीनों इकाइयों के कार्य क्रमाधिकारी डॉ डाल चंद आनंद, भूपेश सिंह एवं डॉ सृष्टि मौजूद रही।

# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

## जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में मानक के अनुसार भोजन की गुणवत्ता एवं विद्यालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के दियें निर्देश

अखंड भारत संदेश




कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने उदयन सभागार में ऑपरेशन कायाकल्प, प्रेरणा प्रणाली, सपोर्टिव सुपरविजन, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, समेकित शिक्षा कार्यक्रम, निपुण भारत एवं मध्यान्ह भोजन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/जनपद स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक की जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक (बालिका शिक्षण) को कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में मानक के अनुसार भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित रखने एवं विद्यालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय, शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने विकास खण्ड कौशाम्बी, नेवादा, सरसवॉ एवं सिराथू में 60 प्रतिशत से कम छात्रों की उपस्थिति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभिभावकों को जागरूक कर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाई जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा शिक्षकों के अवकाश के प्रकरण निर्धारित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि खाद्यान्न उठान के बाद विद्यालयों में समय से पहुँच जाय। उन्हांने बच्चों के आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड कड़ा एवं सिराथू में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जिलास्तरीय टॉस्कफोर्स एवं ब्लॉक स्तरीय टॉस्कफोर्स के अधिकारियों को निर्धारित संख्या में विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अवशेष रह गये कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें। जिलाधिकारी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत सभी विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधायें सुनिश्चित करने के निर्देश सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों कों दियें। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को मतदान करने के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दियें।बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि खण्ड शिक्षाधिकारी मूरतगंज ब्लॉक में नहीं जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को खण्ड शिक्षाधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरण के लिए आ गई हैं, बीआरसी पर पहुँचाया जा रहा हैं। बैठक में सहायक अभियंता आरईडी ने बताया कि 16 विद्यालयों का निर्माण होना था, जिसमें 04 विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष विद्यालय निमार्णाधीन हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य धीमा पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें।इस अवसर पर प्राचार्य डायट भारती त्रिपाठी एवं जिलापूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



## पशुबाड़े में लगाई आग तीन गौवंश की मौत दो मवेशी झुलसे

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 13 कन्हैया लाल नगर धमसेडा में भूपेंद्र सिंह यादव पुत्र श्याम लाल यादव की चार गाय और एक भैस पशुबाड़े में बंधे हुए थे बीती रात पशुबाड़े के छप्पर में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दिया जिससे पांचो मवेशी जलने लगे हैं आग लगाए जाने के बाद मवेशी चिल्लाने लगे पशुओं की आवाज सुनकर मौके पर परिवार के लोग पहुंच गए गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका है देखते-देखते पांचो मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए और इस हादसे में तीन गाय की मौके पर मौत हो गई और एक गाय और एक भैंस काफी झुलसे हुए हैं जिनका इलाज परिवार के लोग करवा रहे हैं इस अग्निकांड में पशुबाड़े का छप्पर वा वहां रखा अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया है मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है बताया जाता है कि पशुवाडे में आग लगाए जाने से तीन गोवंश की मौत और एक गाय और एक भैंस के झुलस जाने से 2 लाख रुपए से अधिक का नुकसान पशु पालक भूपेंद्र सिंह यादव का हुआ है परिवार में गम का माहौल है।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले 3 अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई 7-7 साल कारावास की सजा

**दोषी पर अदालत ने लगाया अर्थदंड**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले 3 अभियुक्तों को कोर्ट ने 7-7 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है,कोर्ट ने अभियुक्तों पर 20500-20500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस ने बताया कि कोखराज थाना पर वादी द्वारा सूचना दी गयी थी कि अभियुक्तगणों द्वारा मेरी सास को मार-पीट कर आत्महत्या के लिए प्रेरित किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 194/2004 धारा 306/323/504 भादवि पंजीकृत किया गया था।शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस ने पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में एसपी कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया और अभियुक्तों को सजा दिलाने में पैरवी की जिसके 03 अभियुक्तों सम्पत, बिरजू और जोधे पुत्रगण स्व० गरीबे पासी नि०गण भदबा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 28.02.2024 को न्यायालय एडीजे/एफटीसी- 02 द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 07-07 वर्ष कठोर कारावास तथा 20500-20500 /- रू0 के अर्थदंड से दंडित किया ।

## नवचयनित 21 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीडीओ ने किया नियुक्ति-पत्र वितरित

### मुख्य विकास अधिकारी ने 12 ऑगनबाड़ी केन्द्र भवनों का किया शिलान्यास



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मिशन रोजगार के अन्तर्गत 3077 नवचयनित ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र का वितरण एवं रू0-173 करोड़ की लागत से 1459 ऑगनबाड़ी केन्द्र भवनों का शिलान्यास किया। इसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मा0 मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन को सुना। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने जनपद में नवचयनित 21 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों (सहायिका से प्रोन्नत) को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने 12 ऑगनबाड़ी केन्द्र भवनों यथा-ब्लॉक मूरतगंज में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन वीरनपुर एवं उमरछा तथा ब्लॉक सरसवॉ में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन-रायपुर, खरौना, बरूआ व भगवतपुर एवं ब्लॉक मंझनपुर में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन-बिनौरा व फताहीपुर का शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार ब्लॉक कड़ा में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन-अम्बाई बुजुर्ग-03, गनपा-06 व शीतलपुर एवं ब्लॉक सिराथू में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन सेलरहा पूरब का शिलान्यास किया गया इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता एवं सभी सीडीपीओ उपस्थित रहीं।

## मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत नगर पालिका भरवारी में 369 लाख के कार्यों का हुआ वर्चुअल लोकार्पण



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 369 लाख के कार्यों का नगर विकास मंत्री ने वर्चुवल लोकार्पण किया है,नगर पालिका भरवारी में इन कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने लोकार्पण किया है ,कार्यक्रम में नगर पालिका के सभी सभासद एवम सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश में नव सृजित एवम नव विस्तारित नगर पंचायत एवम नगर पालिका में विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत नगर पंचायतों एवम नगर पालिकाओ में नए विकास कार्य कराए जा रहे है जिनका आनलाइन टेंडर भी हो चुका है,जिनका जल्द ही निर्माण शुरू किया जाएगा।नगर पालिका परिषद भरवारी में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कुल 366 लाख रुपए स्वीकृत हुए है,जिनमे 10 प्रतिशत जोड़कर इसकी अनुमानित लागत 369.768 हो गई है, जिनसे कुल 13 कार्य कराए जाने है,जिनका लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता पासी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नगर पालिका परिषद भरवारी के लिए लोकार्पण कर दिए गए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है ,एवम आगे भी नगर पालिका परिषद भरवारी में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ईओ राम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आज विकास कार्यों के लिए 369.768 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है,जिनसे विकास कार्य कराए जाने है,जिनका आनलाइन टेंडर भी किया जा चुका है।उन्होंने नगर पालिका के सभी सम्मानित सभासदों से आवाहन किया है कि सभी लोग अपने अपने वार्ड के विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत करे जिससे सभी वार्डो में विकास कार्य कराए जा सके।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भरवारी के सभासद शंकर लाल, सभासद प्रतिनिधि शंकर लाल उर्फ बच्चा, सानू कुशवाहा, सभासद प्रतिनिधि तुषार केसरवानी, मोहम्मद हुसैन, सभासद प्रतिनिधि सुनील कुमार, सभासद प्रतिनिधि विराट गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि राजू, सभासद विक्रम सिंह सहित तमाम सभासद एवम सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संतरा की ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक सवारों पर पलटी, दो घायल, पुलिस मदद में और ग्रामीण संतरा लूटने में जुटे

**कौशाम्बी।** नागपुर से संतरे लोडकर प्रयागराज जा रही डीडीएम ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर कोखराज थाना क्षेत्र में बाइक सवारों के ऊपर ही पलट गई,ट्रक के नीचे बाइक सवार दो लोग दब गए,हादसे के बाद पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने ट्रक में दबे हुए लोगो को बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा जहा उनका इलाज चल रहा है घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के असवा चौराहे की है। जानकारी के मुताबिक नागपुर से संतरा लोडकर प्रयागराज के मुंडेरा मंडी जा रही डीसीएम ट्रक कोखराज थाना क्षेत्र के असवा चौराहे के पास अचानक अनियंत्रित हो गई और बाइक सवारों के ऊपर पलट गई,ट्रक पलटते ही चीख पुकार मच गई, ट्रक पलटते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देते हुए दबे हुए लोगो को निकालन में जुट गए। भरवारी चौकी और कोखराज थाना पुलिस ने हादसे में घायल दोनो बाइक सवारों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा। संतरे की ट्रक के नीचे किसी और के दबे होने की आशंका के चलते ग्रामीणों की मदद से संतरे को पुलिस ने हटवाया लेकिन अंदर जब कोई नही मिला तो पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वही कुछ ग्रामीण संतरे को लूटने में जुट गए, कोई कैरेट में संतरे भरकर ले जाने लगा तो कोई जेब और थैले में संतरे लेकर जाने लगा,जिन्हे पुलिस ने लाठी पटककर हटाया,वही एक युवक तो ट्रक के अंदर से ट्रक को उठाने वाला जैग ही उठाकर ले जाने लगा जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौप दिया।



## संदीपन घाट सहित तीन थाना परिसर में हुए कार्यों का सीएम योगी ने किया वर्चुअली लोकार्पण एवं शिलान्यास

**कोखराज।** कौशाम्बी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार व प्रमुख सचिव गृह विभाग संजय प्रसाद की उपस्थिति में कौशाम्बी जनपद के थाना मंझनपुर क्षेत्र अंतर्गत साइबर थाना, ग्राम सभा काजीपुर में नवीन पुलिस थाना संदीपनघाट व थाना सैनी/थाना कोखराज में मेडिकल कक्ष मय प्रसाधन के निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास थाना कोखराज में किया गया तथा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव,एडीएम अरुण कुमार गोंड,एएसपी अशोक कुमार वर्मा, सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा सीओ चायल सीओ मंझनपुर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता एसओ कोखराज इंद्रदेव साइबर सेल प्रभारी गणेश सिंह एसओ संदीपनघाट थाना पूर्व विधायक लालबहादुर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भरवारी कविता पासी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री संचालन में अग्निशमन विभाग की भूमिका पर सवाल!

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालन के बाद विस्फोट में लाशों के ढेर लग जाने के बाद अग्नि शमन विभाग की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं भरवारी कस्बे के अलावा जिले के पश्चिमी छोर से लेकर पूर्वी छोर तक उत्तरी छोर से लेकर दक्षिणी छोर तक विभिन्न कस्बो में अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालन अभी भी हो रहा है आखिर खतरनाक पटाखा फैक्ट्री के संचालन में अग्नि शमन विभाग द्वारा अभी तक सुरक्षा के क्या इंतजाम किए गए हैं मानक विहीन चल रही पटाखा फैक्ट्री पर रोक लगाने के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने क्या उपाय किए हैं जिससे आम जनता का जीवन सुरक्षित हो सके लेकिन असुरक्षित पटाखा फैक्ट्री को बंद करने की ओर विभाग ने भी पहल नहीं किया बल्कि छोटे पटाखे बिक्री के नाम पर पटाखा निर्माण का अनापत्ति प्रमाण पत्र देकर उन्हें जिला अधिकारी द्वारा लाइसेंस जारी करने में मदद किया गया है जिसका नतीजा यह रहा कि जिले में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के एक्सक्लूसिव लाइसेंस के जरिए पटाखा फैक्ट्री संचालक की अनुमति दी जाती है लेकिन जिले के किसी भी पटाखा फैक्ट्री के पास भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय से अनुमति नहीं मिली है उसके बाद जिले में कैसे तीन दर्जन से अधिक पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है यह पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया लेकिन पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने के बाद भी ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है फिर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ तो कौन जवाब देह होगा लेकिन घटना को चार दिन बीत जाने के बाद अवैध तरीके से संचालित लगभग तीन दर्जन अवैध पटाखा फैक्ट्रीयों को बंद करने का प्रयास नहीं किया गया है अवैध तरीके से संचालित पटाखा फैक्ट्रीयों को आखिर क्यों बंद नहीं कराया जा रहा है इसके पीछे उनका क्या स्वार्थ छुपा हुआ है यह जन चर्चा का विषय बन चुका है।

## पटाखा विस्फोट घटना के शिकार लोगों के परिजनों से मिला समर्थ किसान पार्टी का प्रतिनिधि मंडल



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को भरवारी पटाखा विस्फोट कांड की घटना के शिकार हुए लोगों के परिजनों से मिला और उनके दुखदर्द को साझा किया। साथ ही पार्टी स्तर पर उनके लिए हर संभव सहयोग करने का उन्हे आश्वासन दिया। शासन प्रशासन से पीड़ितों के परिजनों को दी गई सहायता राशि को अपर्याप्त बताते हुए मृतकों के परिजनों को दस लाख एवं घायलों के परिजनों को पांच लाख रुपए साथ प्रत्येक पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की सरकार से मांग की। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एडवोकेट मो सारुख की अगुवाई में पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल भरवारी पटाखा विस्फोट के शिकार हुए लोगों के परिजनों से उनके गांव अमवां जाकर मिला और उनकी आपबीती सुनी। साथ ही उनको ढाढस बंधाया। गांव अमवां निवासी रामभवन पटेल, भोलानाथ पटेल, दया प्रसाद पटेल आदि से वार्ता भी की। उन लोगों से वार्ता के क्रम में प्रतिनिधिमंडल को ज्ञात हुआ कि अमवा निवासी अशोक कुमार, शिव नारायण, शिवाकांत की इस दुखद घटना में मृत्यु हो गई है जबकि चमन्धा गांव के भी कई लोगों की इस घटना में जान चली गई है। साथ ही कई लोग इस घटना मे बुरी तरह से घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के अगुवा एडवोकेट मो सारुख ने उन लोगों की पार्टी प्रमुख अजय सोनी से फोन पर वार्ता कराई और पीड़ितों को आश्वासन दिया कि समर्थ किसान पार्टी इस मामले में पीड़ित परिवारों के साथ है और उनके लिए पार्टी हर सम्भव सहायता करेगी। आगे कहा कि यह घटना बेहद विभत्स घटना है और इस घटना से हम सब बहुत दुखी हैं। इसी के साथ आगे कहा कि सरकार द्वारा इस घटना के शिकार हुए लोगों के परिजनों को दी गई आर्थिक सहायता राशि अपर्याप्त है। ऐसी दर्द विदारक घटना के मद्देनजर सरकार को पीड़ितों के परिजनों को समुचित सहायता करनी चाहिए। समर्थ किसान पार्टी की ओर से मो सारुख ने सरकार से मांग किया कि मृतकों के परिजनों को दस लाख एवं घायलों के परिजनों को पांच लाख रुपए की सरकार आर्थिक सहयता करे। आगे कहा कि इन गरीब परिवारों के पास रोजगार का कोई साधन नहीं है, लिहाजा प्रत्येक पीड़ित परिवार के कम से कम एक एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में मो सारुख के साथ सुभाष सरोज, हरिश्चंद्र निषाद, अमित सोनी समेत कई ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### कार्यालय विकास खण्ड मूरतगंज का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन अवरूद्ध एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डा. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा आज पूर्वान्ह 10:25 बजे कार्यालय विकास खण्ड,मूरतगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण में खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज संजय कुमार गुप्ता व राजेश कुमार सिह मौर्य सहायक विकास अधिकारी सहकारिता कार्यालय में उपस्थित मिले। उन्होंने विकास खण्ड मुख्यालय मूरतगंज,कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, जिसमें सहायक विकास अधिकारी आई0एस0बी0 जानकी शरण दिनांक 28.02.2024 को अनुपस्थित पाये गये मानसिंह अवर, अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में लगे हुये है। सुरेन्द्र कुमार जैन,अवर अभियन्ता लघु सिंचाई दिनांक 07 फरवरी, 2024 से लगातार अनुपस्थित चल रहे है। सुश्री नाजुक जहॉ,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मूरतगंज दिनांक 26.02.2024 से लगातार अनुपस्थित पायी गयी। आदिल्य पाल,सहायक विकास अधिकारी दिनांक 28.02.2024 को अनुपस्थित पाये गये एवं श्रीमती सीमा गुप्ता दिनांक 27.02.2024 से अनुपस्थित पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय में ऐसी स्वेच्छाचारिता को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का अनुपस्थिति की तिथि का वेतन अवरूद्ध करते हुए खण्ड विकास अधिकारी, मूरतगंज को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मन्तव्य सहित आख्या एक सप्ताह के अन्दर उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण,दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे



**कौशाम्बी।** यूपी के पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांग जन सशक्ति करण विभाग के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप कौशाम्बी पहुंचे जहा भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया मंत्री नरेंद्र कश्यप कौशाम्बी जिले के चायल में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित समाजिक सम्मेलन/युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए है।उन्होंने सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को बताया और कहा सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है,सरकार ने ऐसी ऐसी योजनाएं चलाई है जिनसे जनता को सीधे लाभ मिल रहा है।

### मंझनपुर में ईओ प्रतिभा सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार




**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर नगर पालिका में मंगलवार को नवागत ईओ प्रतिभा सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।पूर्व में ईओ अनूप राय के ट्रांसफर के बाद कुर्सी खाली चल रही थी। शासन के निर्देश पर अब तक एडीएम प्रबुद्ध सिंह को नगर पालिका का चार्ज मिला हुआ था। मंगलवार को उन्होंने ईओ प्रतिभा सिंह को ज्वाइन करा दिया।नगर पालिका में ज्वाइन करने के बाद ईओ प्रतिभा सिंह ने एडीएम वित्त अरुण कुमार गोंड से भेंट कर इन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और नगर पालिका का कार्य देखने लगी।

### प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने आश्रम पद्धति विद्यालय का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी** यूपी के प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ने आश्रम पद्धति विद्यालय कोईलहा का निरीक्षण किया।प्रमुख सचिव ने बच्चों से स्कूल में मिलने वाले पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी ली प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ने बच्चों को क्लासरूम में पढ़ाया, डॉ हरिओम ने विद्यालय के सभी क्लासरूम, लाइब्रेरी, टैबलैब रूम का निरीक्षण किया, स्मार्ट क्लास कंप्यूटर लैब फिजिक्स केमिस्ट्री लैब का किया निरिक्षण और भी बच्चों को दाखिल करने का सीडीओ को निर्देश दिए।

### अनियंत्रित डीसीएम ड्राइवर ट्रक से भिड़ा , ड्राइवर गंभीर घायल



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवीन मंडी समिति के पास अनियंत्रित डीसीएम ड्राइवर अज्ञात वाहन से भिड़ गया जिससे डीसीएम ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल ड्राइवर को जिला अस्पताल भेज दिया है डीसीएम ड्राइवर बबलू पुत्र राजपाल निवासी अथसराय थाना सैनी कानपुर से प्रयागराज लेन पर प्रयागराज की तरफ जा रहा था नवीन मंडी समिति अझुवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर सामने जा रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया आवाज और ड्राइवर की चीख पुकार पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस और स्थानीय निवासियों के सहयोग से गंभीर घायल ड्राइवर को केबिन से निकाल कर एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा है ड्राइवर के दोनो पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए है।

### चौराडीह ग्राम पंचायत के विकास में बाधक बन रहे हैं प्रधान के विरोधी

**सैय्यद सरावा कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौराडीह में ग्राम के विकास में ग्राम प्रधान के विरोधी बाधक बन रहे हैं जिससे गांव क्षेत्र का विकास रुक रहा है बताया जाता है कि ग्राम प्रधान के विरोधियों की पकड़ पंचायत भवन से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक है जिससे आए दिन झूठी शिकायत कर ग्राम प्रधान को परेशान किया जाता है उन्हें विकास कार्य नहीं करने दिया जा रहा है ग्राम पंचायत के विकास में लगे चौराडीह के ग्राम प्रधान कल्लू का कहना है कि उनकी झूठी शिकायतें कर उनके कार्यो की झूठे तरीके से जांच का दबाव बनाकर उनसे प्रधान की कुर्सी छीनने की साजिश रची जा रही है ग्राम प्रधान की झूठी शिकायत कर कुर्सी छीनने में एक पूर्व प्रधान की भी भूमिका सवालों के घेरे में है लेकिन ग्राम प्रधान ने कहा है कि विरोधियों की गलत मनसा सफल नहीं होने दिया जाएगा और अधिकारियों को हकीकत से अवगत कराया जाएगा झूठी शिकायत कर परेशान करने वाले लोगों को बेनकाब किया जाएगा जिससे गांव के विकास में बाधक बनने वाले लोगों के चेहरे आम जनता के सामने उजागर होंगे।

संपादक की कलम से

## गरीबी के दंश से बाहर निकल रहा है भारत

भारतीय शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। हाल ही में नीति आयोग ने यह कहा है कि भारत का गरीबी स्तर पांच प्रतिशत से नीचे आया है। दरअसल नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण द्वारा जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है और उसी के हवाले से नीति आयोग ने यह बात कही है कि भारत अब लगातार समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण आमतौर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा हर पांच साल में आयोजित किया जाता है। वास्तव में, इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। जानकारी देना चाहूंगा कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय यानी कि एनएसएसओ द्वारा कुछ समय पहले जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।आंकड़ों से पता चलता है कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये है। दरअसल,प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च दुगुना हो गया है। इस वृद्धि को पूरी आबादी के जीवन स्तर में अहम सुधार का संकेत माना जा सकता है। वैसे कहा यह भी जा सकता है कि घरेलू खर्च में यह बढ़ोतरी बेलगाम महँगाई का भी प्रतिबिंब है।निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपये आंका गया है। आंकड़ों से यह बात पता चलती है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खपत लगभग 2.5 गुना बढ़ गई है।यह बताता है कि आज देश में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है, जिससे दोनों क्षेत्रों(ग्रामीण व शहरी)के बीच असमानताएं कम हो रही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि सर्वेक्षण में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को भी शामिल किया गया है, जिसने उन गरीब परिवारों की खपत में योगदान दिया है, जिन्हें अपने बच्चों के लिए मुफ्त खाद्यान्न और साइकिल और स्कूल यूनिफॉर्म जैसे सामान मिलते हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि वर्ष 2011-12 में अंतर 84 प्रतिशत था और वर्ष 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004-05 में यह अंतर 91 प्रतिशत था। एनएसएसओ सर्वेक्षण देश में ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के कुल खर्च में अनाज और भोजन की खपत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट को भी संकेत देता है। इसका मतलब है कि लोग अतिरिक्त आय के साथ समृद्ध हो रहे हैं।इस बढ़ी हुई समृद्धि के साथ वे भोजन के अलावा अन्य चीजों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यहां तक कि भोजन में भी, अधिक दूध पी रहे हैं, फल और अधिक सब्जियां खा रहे हैं। हालांकि भोजन और अनाज की हिस्सेदारी में कमी आई है। इस दौरान गैर-खाद्य वस्तुओं जैसे फ्रिज, टेलीविजन, बेवेज और प्रोसेस्ड फूड, स्वास्थ्य और परिवहन पर खर्च बढ़ गया है, जबकि अनाज और दालों जैसे खाद्य पदार्थों पर खर्च धीमा हो गया है।

खाने पर खर्च साल 1999-2000 में 48.06%, 2004-05 में 40.51%, 2009-10 में 44.39%, 2011-12 में 42.62% था, जो अब 39.70% हो गया है। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं का खर्च 1999-2000 में 51.94%, 2004-05 में 59.49%, 2009-10 में 55.61%, 2011-12 में 57.38% था, जो अब 60.30% हो गया है। मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स द्वारा जारी एक अध्ययन के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में भारत में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से उबर गए हैं। स्टडी में कहा गया है कि गरीबी अनुपात में 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से भारी गिरावट आई है और 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई है, जो 17.89 प्रतिशत अंक की कमी है। जानकारी देना चाहूंगा कि इसके अनुसार उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान 5.94 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने के साथ गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग हैं। इसी बीच यह भी बताता चलूं कि नीति आयोग ने यह भी कहा है कि भारत वर्ष 2030 से पहले ही बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा। दरअसल,पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी उल्लेखनीय पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे अभाव में काफी कमी आई है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों में से एक का संचालन करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली 81.35 करोड़ लाभार्थियों को कवर करती है, जो ग्रामीण और शहरी आबादी को खाद्यान्न प्रदान करती है। इतना ही नहीं, मातृ स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना के माध्यम से स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन वितरण, सौभाग्य के माध्यम से बिजली कवरेज में सुधार और स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन जैसे परिवर्तनकारी अभियानों ने सामूहिक रूप से लोगों की रहने की स्थिति और समग्र कल्याण बढ़ाया है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री जन धन योजना और पीएम आवास योजना जैसे प्रमुख कार्यक्रमों ने वित्तीय समावेशन और वंचितों को आवास मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारतीय घरों में औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) 2011-12 के बाद से शहरी परिवारों में 33.5% बढ़कर ?3,510 हो गया, जबकि ग्रामीण भारत का एमपीसीई इसी अवधि में 40.42% की वृद्धि के साथ ?2,008 तक पहुंच गया। इतना ही नहीं,ग्रामीण परिवारों के लिए भोजन पर खर्च का अनुपात 2011-12 में 52.9% से घटकर 46.4% हो गया है, जबकि उनके शहरी समकक्षों ने भोजन पर अपने कुल मासिक व्यय का केवल 39.2% खर्च किया है, जबकि 11 साल पहले यह 42.6% था।

## लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

- के आर सुधामन

तमिलनाडु में गठबंधन को लेकर अभी साफ तस्वीर सामने आना बाकी है। परंपरागत रूप से द्रमुक के साथ रहने वाली कुछ छोटी पार्टियों ने द्रविड़ पार्टी के साथ जाने का अपना फैसला दोहराया है। अब तक डीएमके ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 1 लोकसभा सीट दी है। दूसरी सीट कोंगुनाडुमक्कलदेसियाकाची को दिए गए। ये डीएमके के दो छोटे साझेदार हैं, जिन्होंने पिछली बार भी गठबंधन का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ा था।2024 के लोकसभा चुनावों के लिए तमिलनाडु में राजनीतिक सीटों की साझेदारी के संबंध में अभी तक विभिन्न पार्टियों के बीच समझौते पूरे नहीं हुए हैं। राज्य में आधी सदी या उससे भी अधिक समय से राजनीति दो द्रविड़ पार्टियों द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। कुछ साल पहले द्रमुक के संरक्षक एम करुणानिधि और अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जे जयललिता की मृत्यु के बाद से दोनों दलों, जिनके पास लगभग 30 से 35 प्रतिशत वोट शेयर थे, निश्चित रूप से कम हो गये हैं। तब से दोनों द्रविड़ पार्टियों का व्यक्तिगत वोट शेयर घटकर 20-25 प्रतिशत रह गया है और जैसा कि हमने पिछले कुछ चुनावों में देखा था, जो भी पार्टी बेहतर गठबंधन बनाती है, वह जीतती है, चाहे वह तमिलनाडु विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का। तमिलनाडु में सत्ता में आने वाले पार्टी संयोजन को लगभग 40 प्रतिशत वोट हासिल करने होते हैं, इसलिए चुनाव जीतने के लिए आवश्यक अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत वोट गठबंधन सहयोगियों से आना होता है, जिसमें से कोई भी पार्टी शामिल हो जाती है। राष्ट्रीय पार्टियों ने अतीत में किसी न किसी द्रविड़ पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, जिससे उनके प्रति कोई वैचारिक बाधा नहीं होने का संकेत मिलता है। हर चुनाव में एक तीसरा मोर्चा भी होता है, जिसे लगभग 15-20 प्रतिशत वोट मिलते हैं क्योंकि तमिलनाडु की आबादी का एक प्रतिशत ऐसा है, जो द्रविड़ पार्टियों या उनके संयोजन में से किसी को भी वोट नहीं देता है। पिछले कुछ समय से तमिलनाडु के चुनावों का यही गणित रहा है। हालांकि कांग्रेस ने 1967 में राज्य की सत्ता से बाहर होने पर भी हर निर्वाचन क्षेत्र में उसके कुछ प्रतिबद्ध मतदाता हैं और वे लगभग 8-12 प्रतिशत वोट बनाते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि हवा किस तरफ है। इसलिए कांग्रेस जिस द्रविड़ पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसे वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव जीतने में बढ़त हासिल होती है। हाल ही में, अन्नामलाई के नेतृत्व में, भाजपा तमिलनाडु में एक बड़ी ताकत बनकर उभर रही है, खासकर युवाओं के बीच, जो दो द्रविड़ पार्टियों के बढ़ते भ्रष्टाचार और जाति-आधारित राजनीति से तंग आ चुके हैं। पिछले 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर करीब 4-5 फीसदी था, इस बार 14-15 फीसदी तक जाने की उम्मीद है। भाजपा, जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी द्रविड़ पार्टी के साथ गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी, दिवंगत फिल्मस्टार से राजनेता बने विजयकांत की पार्टी जैसी कुछ छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकती है और इससे अतिरिक्त 10-12 सीटें मिल सकती हैं। फिलहाल डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस के साथ सीटों की साझेदारी पर चर्चा अभी शुरू नहीं हुई है। अगर राज्य में बड़ा साझेदार होने के नाते डीएमके सीट बंटवारे की कवायद में सख्त रुख अपनाती है, तो कांग्रेस के सख्त रुख अपनाने की संभावना हमेशा बनी रहती है।

# अधिकतम मतदान का आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत

- ललित गर्ग -

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।



अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रूख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षो बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थनवाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप ह्यभारतीय मतदाता संगठनद्ध इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुमार्ना निश्चित होना चाहिए। यदि भारत में मतदान अनिवार्य हो जाए तो चुनावी भ्रष्टाचार बहुत घट जाएगा। यह भी देखा गया है कि चुनावों में येन-केन-प्रकारेण जीतने के लिये ये ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदान को बाधित भी करते हैं और उससे भी मतदान का प्रतिशत घटता है। अधिकतम मतदान से इस तरह के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, वोट-बैंक की राजनीति थोड़ी पतली पड़ेगी। जिस दिन भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक वोट डालने लगेंगे, राजनीतिक जागरूकता इतनी बढ़ जाएगी कि राजनीति को सेवा की बजाय सुखों की सेज मानने वाले किसी तरह का दुस्साहस नहीं कर पायेंगे। राजनीति को सेवा या मिशन के रूप में लेने वाले ही जन-स्वीकार्य होंगे।

(ललित गर्ग)
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

## मरी हुई आत्माओं' की 'अंतर आवाज'



@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

आत्मा अजर-अमर है। आत्मा निकाया है, लेकिन उसकी आवाज होती है। ये आवाज जीवित आत्माओं की मुखर होती है। इसे या तो ओझा सुन पाते हैं या नेता। आवाज सुनकर जो फैसले होते हैं, उन्हें 'क्रास बीड' फैसला कहते हैं। इन फैसलों से जो भी होता है उसे वर्णसंकर कहा जाता रहा है।

राजनीति में सबसे पहले अंतरात्मा की आवाज कांग्रेस ने सुनी थी। वैसे कांग्रेस को पता था कि राजनीति में अधिकांश लोग अपनी आत्मा को मारकर आते हैं। जो जीवित आत्मा के साथ राजनीति के आंगन में कदम रखते हैं, उनकी आत्मा को सप्रयास मार दिया जाता है। राजनीति में आत्मा की आवाज प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। अंततोगत्वा नेता को अपनी अंतरात्मा मारना पड़ती है। जो ऐसा नहीं कर पाते वे आत्मा और शरीर दोनों से हाथ धो बैठते हैं।

आजादी से पहले नेता आत्मा के साथ राजनीति में आता था, इसीलिए उससे अंग्रेज हार गए। आत्मा से काम करने वालों को आज 75 साल बाद बेईमान, वंशवादी और राष्ट्रद्रोही कहा जाता है। राजनीति में आत्माएं तो पहले आम थी, उस जमाने में महात्मा भी होती थीं। गुजरात को मोहनदास करमचंद गांधी के पास महात्मा थी, हालांकि संघी ऐसा नहीं मानते। वे गोड़से को महात्मा कहते हैं। यानि महात्मा को भी भारतरत्न की तरह विवादास्पद बनाने की कोशिश जारी है।

बात अंतरात्मा की आवाज की हो रही है। सबसे पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अंतरात्मा की आवाज को पहचाना।आवाज दी। उसे जगाया। कमाल देखिए कि उस समय के नेताओं की अंतरात्मा जागी। नेताओं ने अपनी अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी और इंदिरा गांधी की पसंद के प्रत्याशी को राष्ट्रपति चुन लिया था। अंतरात्मा की चौतरफा जय जय हुई। राजनीति में अंतरात्मा के साथ ही मृतात्मा जैसा ही व्यवहार किया जाता है।

उन्हें भारतरत्न से अलंकृत किया जाता है। खास चुनाव के समय आत्माओं को सम्मानित करने का बड़ा फल मिलता है। अंतरात्मा पार्टी का व्हिप, सिप नहीं मानती। जो उसका आव्हान करता है, उसे आशीर्वाद दे देती है। दरअसल अंतरात्मा राजनीति से ऊपर उठकर फैसला करती है। लेकिन फैसला करने से पहले चढ़ौती देखती है।

अंतरात्मा को जागृत करना, मुद्दई को उसकी आवाज सुनवाना बड़ा तकनीकी काम है। पहले इस विधा में कांग्रेसी दक्ष थे। अब ये दक्षता भाजपाई सीख गये हैं। वे हिमाचल हो या बिहार, किसी भी राज्य में किसी भी दल के विधायक, सांसद की मरी हुई आत्मा को जगाने की सुपारी ले लेते हैं।

जिन नेताओं की आत्मा जीवित होती है, उन्हें चिन्हित कर उनकी आत्मा को मार देते है। मरी हुई आत्मा की आवाज सुनना किसी जीवित नेता की आत्मा की आवाज से ज्यादा मुखर होती है। निडर होती है। साफ सुनाई देती है।

अंतरात्मा को बुलवाने से पहले उसे जागृत करना पड़ता है। आत्मा काले तिल, काले वस्त्र, काले धन और पतंजलि के शुद्ध घानी के सरसों के तेल से खुश होती है। आप जितना काला धन अर्पण करेंगे, सोयी हुई अंतरात्मा उतनी जल्दी जागेगी, बोलेगी। इतना तेज बोलेगी कि बहरा भी सुन ले। कान वाले तो सुन ही सकते हैं। इसमें किसी पंडित, पुजारी की जरूरत नहीं होती। छठे कान तक इसकी आवाज जाती ही नहीं है।

आत्माएं न मरें तो जनादेश का अपहरण असंभव है। भारत में जहां जहां बिना चुनाव के जनादेश बदला गया वहां पहले आत्माओं को मारा जाता है। आत्मा का कत्ल ही तो क्रास वोटिंग कहलाती है। क्रास वोटिंग दल बदल की सहोदर है। ये अजर अमर है। लेकिन ये मृत आत्माएं हैं। इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में हमारे देश की मरी हुई आत्माओं को लेकर कोई सानी नहीं है। हमें राजनीति में उलट फेर कराने वाली इन मरी हुई आत्माओं पर गर्व है। मरी हुई आत्माएं हमेशा लोकतंत्र के काम आती हैं। हमारा लोकतंत्र मरी हुई आत्माओं का लोकतंत्र है। हमारी लोक सभा, विधानसभाएं मरी हुई अंतरात्माओं से भरी पड़ी हैं। एक खोजिए, दस मिल सकती हैं।

मेरी जीवित आत्मा मुझे हरदम धिक्कारने की कोशिश करती है। शुभचिंतक कहते हैं कि पंडित जी कुछ दिनों के लिए अपनी आत्मा को मरने के लिए तैयार कर लीजिए मालामाल हो जाएंगे।घर वालों की तमाम शिकायतें दूर हो जाएगी। कोई आपको कंगाल, अलाल होने का ताना नहीं मारेगा। लेकिन मैं हूं कि किसी जीवित आत्मा की सलाह नहीं मानता।

## निताशा कौल को लौटाना लोकतंत्र विरोधी आचरण

यूनाइटेड किंगडम की भारतीय मूल की प्रोफेसर निताशा कौल को जबरिया उनके देश लौटाकर एक बार फिर से भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि यहां लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की बात करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निताशा कर्नाटक सरकार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेने के लिये सम्मानित वक्ता के रूप में आमंत्रित की गई थीं परन्तु उन्हें बेंगलुरु हवाईअड्डे से वापस लंदन भेज दिया गया। वहां के वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में अध्यापन करने वाली निताशा 24-25 को कर्नाटक सरकार द्वारा 'संविधान व राष्ट्रीय एकता' सम्मेलन में भाग लेने के लिये आई थीं। वे कश्मीर के मामलों में अपने बेबाक विचारों के लिये जानी जाती हैं। वे नरेंद्र मोदी सरकार की कश्मीर मामले में नीतियों की विरोधी के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने का तो विरोध किया ही था, 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म पर भी सरकार की आलोचना की थी।

वैसे तो उन्हें वापस भेजने का कोई स्पष्ट कारण भारत सरकार की ओर से नहीं बतलाया गया है लेकिन स्पष्ट है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी, भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विरोधी होने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। फिर, यह कार्यक्रम कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की ओर से आयोजित किया गया था, सो मोदी सरकार द्वारा ऐसा करना लाजिमी ही था। अपने एक्स हैंडल पर निताशा ने इस बाबत लिखी पोस्ट में बतलाया है कि उन्हें कर्नाटक सरकार ने आमंत्रित किया था। उनके यात्रा सम्बन्धी सभी दस्तावेज सही थे तो भी उन्हें आव्रजन अधिकारियों की ओर से बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में रखा गया। उन्हें रोके जाने का किसी ने कोई कारण नहीं बताया। अधिकारी केवल यही कहते रहे कि 'वे कुछ नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें दिल्ली से ऐसा करने के आदेश मिले हैं।' निताशा का यह भी आरोप है कि उन्हें सोने के लिये तकिया तक नहीं दिया गया और उन्हें अखबारों को ही तकिया बनाकर सोना पड़ा था। खाने-पीने तक नहीं दिया गया। वे यह भी कहती हैं कि उन्हें न आने के लिये केन्द्र सरकार की ओर से कोई आदेश भी नहीं मिला। शुक्रवार को सुबह वे बेंगलुरु हवाईअड्डे पर उतरीं और शनिवार की सुबह वापस लंदन भेज दी गईं।

राजनीति शास्त्र एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रोफेसर निताशा का जन्म गोरखपुर में हुआ था। वे एक ऐसे कश्मीरी पंडित के घर में जन्मी थीं जो घाटी छोड़कर आया था। उन्होंने दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र में स्नातक एवं दिल्ली विवि से उच्च शिक्षा हासिल की है। 1997 में 21 वर्ष की आयु में वे इंग्लैंड चली गयीं। वहां के हल विवि से अर्थशास्त्र व दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट करने के बाद वे वेस्टमिंस्टर विवि में पढ़ाने लगीं। भारत में राष्ट्रवाद, लैंगिक असमानता तथा नागरिक अधिकारों आदि से सम्बन्धित विषयों पर उनके विचार सुर्खियों में आये थे। भाजपा व संघ के विचारों के खिलाफ वे बोलतीं तथा लिखती रहती हैं। वे एक उपन्यासकार तथा कवयित्री के रूप में भी पहचान रखती हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर भाजपा समर्थक उनके खिलाफ कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने निताशा को भारत विरोधी बतलाते हुए कहा है कि वे कश्मीर में हिन्दुओं के नरसंहार की बात से इंकार करती हैं और कश्मीर पर भारत द्वारा कब्जा किया जाना बतलाती हैं।

आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर दिया जाये तो भी लोकतंत्र का तकाजा तो यही होता है कि उन्हें अपनी बात कहने का अवसर दिया जाता। उन्हें इस प्रकार से वापस भेज दिया जाना एक लोकतांत्रिक देश होने का दावा करने वाली सरकार के लिये शोभनीय नहीं कहा जा सकता। यह वाकया ऐसे वक्त पर हुआ है जब एक बार फिर से राहुल गांधी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अपना व्याख्यान देने पहुंच चुके हैं। पिछले वर्ष जब वे इसी विश्वविद्यालय एवं अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में गये थे तब उन्होंने यही आरोप लगाये थे कि मोदी सरकार द्वारा विरोधी विचारों का गला घोंटा जाता है। निताशा को वापस भेजकर सरकार उनके इन आरोपों की पुष्टि ही कर रही है। वे जिस देश से आई हैं, उसके समेत तमाम पाश्चात्य देशों में मुक्त संवाद की परम्परा है। अपने घोर विरोधियों को तक धैर्यपूर्वक सुनने का उन देशों में चलन है। मोदी सरकार का आचरण इसके विपरीत है जो अक्सर वहां के पत्रकारों की रिपोर्टों एवं लेखों में प्रतिध्वनित होता है। यह भी होता है कि ऐसी खबरें आने पर बौखलाई केन्द्र सरकार, उसका आईटी सेल एवं भाजपा के समर्थक यह कहकर टूट पड़ते हैं कि मोदी की लोकप्रियता एवं भारत की तरक्की से घबराए हुए ये देश दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे इसे भारत पर पश्चिमी देशों का हमला बतलाने से तक नहीं चूकते।

निताशा के साथ जो व्यवहार हुआ है, उसका संदेश खराब जायेगा। चूंकि वे एक सक्रिय तथा प्रसिद्ध लेखिका और अध्यापक हैं,, वे लोगों से यह कहने में बिलकुल पीछे नहीं हटेंगी कि जो वे कहती रही हैं, उन्होंने भारत सरकार का व्यवहार ठीक वैसा ही पाया है।

# सीएम ने साइबर थाना-मेडिकल कक्ष का वर्चुअली किया लोकार्पण

## सांसद समेत जनप्रतिनिधियों-डीएम-एसपी मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस लाइन में साइबर क्राइम थाने का वर्चुअली लोकार्पण व कोतवाली कर्वी, थाना पहाड़ी, थाना राजापुर, थाना रैपुरा, थाना मऊ तथा थाना बरगढ़ में मेडिकल-कक्ष का वर्चुअली शिलान्यास किया।

बुधवार को पुलिस लाइन स्थित साइबर क्राइम थाने में हुए समारोह में सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी समेत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन/कार्यालय राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना अर्जुन सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के विचारों को सुना। साइबर क्राइम थाने के लोकार्पण से आमजनता को साइबर बाबत अपराधों के निस्तारण में मदद मिलेगी। साइबर बाबत मामलों की विवेचना साइबर थाने से होगी।



लोकार्पण में मौजूद भाजपाई व अधिकारीगण।

## 182 छात्र-छात्राओं को विधायक ने बांटे स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर नगर में स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्मार्टफोन बांटे गये। बुधवार को महाविद्यालय के अंतिम वर्ष में पढने वाले 182 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन मिले। सूबे की सरकार की नीति के तहत स्मार्टफोन बतौर मुख्य अतिथि विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा की मौजूदगी में प्राचार्य डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को समय के साथ डिजिटल इंडिया के विभिन्न आयामों की ओर जुडने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विधायक ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का उपयोग उच्च शिक्षा में ज्ञानार्जन समेत सकारात्मक गतिविधियों में करने को प्रेरित किया। ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्र के निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ डॉ विजय प्रकाश यादव, डॉ मनोज कुमार अवस्थी, डॉ कीर्ति शुक्ला, डा आलोक रंजन यादव, डॉ उमेश त्रिपाठी, डा रामपोस, डा धर्मेंद्र सिंह, डॉ अय्यूब, डॉ नीरज सिंह, डा इफरा जुमी, नवेंदु शेखर आदि मौजूद रहे। संचालन सुनील कुमार मिश्र ने किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली ने देशव्यापी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अभियान के तहत जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस किसान विश्वविद्यालय रैपुरा ने छात्र-छात्राओं के साथ सेमिनार किया।

बुधवार को शुभारंभ किसान विश्वविद्यालय के प्रबंधक हरिशंकर सिंह ने मां सरस्वती की पूजा कर किया। आदित्य कुमार मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की मान्यता 1975 में मिली थी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समाज-सियासत व आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की तरक्की का जश्न मनाने का दिन है। महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देना व लोगो को अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। किसान विश्वविद्यालय के प्रबंधक हरिशंकर सिंह ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के सशक्तिकरण व समाज में योगदान को मान्यता देने का मौका देता है। अध्यापक श्रीकांत ने कहा कि महिलाओं के समृद्धि व समाज में स्थिति मजबूत करने को संकल्पित हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने विचार रखते हुए खुशी त्रिपाठी ने कहा कि लड़को को लड़कियों पर टीका-टिप्पणी से बचना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में 40 लड़के व लड़कियों ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम खुशी त्रिपाठी, द्वितीय सुनील, तृतीय संयुक्त रूप से युवराज व अमन रहे। प्रथम, द्वितीय व तृतीय छात्रों को संस्था ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ता लवलेश सिंह समेत विश्वविद्यालय के अध्यापक श्रीकांत, हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे।




सम्मानित होते छात्र।

# सांसद समेत डीएम-एसपी ने शिवाकान्त को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर लखनऊ में लोनिवि मुख्यालय पर जिले में सड़क हादसे में पांच घायलों को समय से अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने के कार्य पर सम्मानित हुए शिवाकांत पांडेय को सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष डीसीबी पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर पुलिस लाइन में सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी समेत पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



शिवाकान्त को सम्मानित करते सांसद आदि।

## आबकारी अधिनियम आरोपी को हुआ पांच सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश यादव तथा अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज (सी डि)/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने राजापुर थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम के आरोपी संजीव सिंह पुत्र कुलपति सिंह निवासी सरधुवा को पांच सौ रूपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## विक्षिप्त को बेटे के सुपुर्दगी में पुलिस ने सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आषुतोष त्रिपाठी की अगुवाई में सरधुवा पुलिस टीम ने सी-प्लान एप की मदद से मानसिक रुप से विक्षिप्त को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। ज्ञात है कि सोमवार को सरधुवा थाने के दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सिपाही नरेन्द्र कुशवाहा के साथ सुखौरा मजरा भदेदू में मानसिक विक्षिप्त को घूमते देखा। उसे थाने में लाये। पुलिस ने सी-प्लान एप से विक्षिप्त व्यक्ति के बताने पर प्रधान के मोबाइल पर फोन कर विक्षिप्त के परिजनों को सूचना दी। मंगलवार को विक्षिप्त का पुत्र साहिल पुत्र गुड्डू निवासी सरेहुआ पोस्ट बथावर थाना सकलडीहा जिला चन्दौली व साथी इबरान पुत्र हनीफ थाने आये। विक्षिप्त को उनके हवाले किया। पिता को पाकर बेटे के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। पुलिस को सक्रियता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 187 लाख से नगर के नौ कार्यों का हुआ वर्चुअल लोकार्पण

## चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने किया शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर के विकास को संकल्पित योगी सरकार के नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत नगर पालिका कर्वी में नौ कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने किया।

बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि पांच कार्यों का शिलान्यास व चार कार्यों का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि कर्वी शहर के सीमा विस्तारित होने पर विकास कार्यों में तेजी लाने को सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सूबे के नगर विकास विभाग मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलों में वर्चुअल शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसी कड़ी में कर्वी नगर पालिका क्षेत्र के 187 लाख की योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया है।

शहर में सीसी रोड़, नाला-नाली निर्माण कार्य हुए हैं। सीतापुर, बल्दाऊगंज, ट्रांसपोर्ट नगर, डिलौरा, तुलसीनगर में कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के ईओ लालजी यादव, अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, अजीत सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, निर्माण लिपिक ज्ञानचंद गुप्ता व रवि, ज्ञानेंद्र कौशल आदि मौजूद रहे।



शिलान्यास करते चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 साल की सजा दस हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार महेश्वरीदीन तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम की पैरवी से न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

बुधवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने मऊ थाने में दर्ज दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी सुनील मिश्रा उर्फ अरुण मिश्रा पुत्र अशोक कुमार मिश्रा निवासी बरहा कोटरा को 20 वर्ष की सजा तथा दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 14 जून 2023 को मऊ थाना क्षेत्र की महिला ने थाने में सूचना दी सुनील मिश्रा उर्फ अरुण मिश्रा ने नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामला उचित धाराओं में दर्जकर विवेचना निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह को सौंपी। विवेचक ने 11 जुलाई 2023 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

# पीएम आवास आवंटन में करोडों का खेलः अपात्रों को दे दिये आवास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गांव-देहात छोडें, जिला मुख्यालय में प्रधानमंत्री आवास आवंटन में अपात्रों को धडाधड आवास दिये जा रहे हैं। नियम-कानून-कायदे सब ताक पर रखकर प्रधानमंत्री आवास अपात्रों को देने का जिला मुख्यालय के शोभा सहि पुरवा शास्त्रीनगर वार्ड 21 की केतकी पत्नी संदीप, शान्ति पत्नी कमलेश, सावित्री पत्नी श्रीपाल, रचना पत्नी नीरज, बरसतिया पत्नी बाबूलाल, सुनैना पत्नी बाबूलाल, सुनीता पत्नी कैलाश, मीरा पत्नी कमलेश, राजरानी पत्नी अनसुइया, अनीता पत्नी सुरेश, अनामिका पुत्री हरीनारायण, मोतीमनी पत्नी शिवमोहन, राजरानी पत्नी सिपाहीलाल व रानी पत्नी अर्जुन समेत तमाम लोगों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में डूडा विभाग के जेई आनन्द व राजकुमार के बीस हजार रुपये लेकर अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने का आरोप लगाया है।

बुधवार को जिला मुख्यालय के शोभा सिंह पुरवा शास्त्रीनगर के वाशिंदों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री आवास ऐसे अपात्रों को दिये गये हैं, जिनके पास पहले से पक्के मकान, मोटरबाइक, मुख्य सडक पर एक-एक करोड कीमत के मकान हैं।

### पात्रों ने डीएम से जांचकर कार्यवाही की उठाई मांग

इन अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी कर दी गई है, जबकि गरीब-मजदूर व छानी-छप्पर डालकर गुजर-बसर करने वालों को पीएम आवास नहीं दिये गये। यहां तक कि कर्वी लेखपाल ने तो अनामिका के घर की आख्या पक्का घर होने की लगा दी है। ये अंधेरगर्दी कैसे व क्यों हुई- इस बारे में तो जांच में ही खुलासा होगा। आवास के लिए पात्रों ने बताया कि रामलली पत्नी कमलेश का पक्का घर है। गलत पता दिखाकर किस्त जारी कर दी है। शान्ती पत्नी दिनेश के तीन पक्के घर हैं। दो बेडीपुलिया में एक शोभा सिंह पुरवा में है। शान्ती का ससुर सेवानिवृत्त लेखपाल है, इसे कैसे पीएम आवास की किस्त दे दी गई। विनीता पत्नी राजकुमार के पक्के घर के आगे खाली जमीन है। इसे भी आवास की धनराशि मिल गई है। गोलकी पत्नी रामेश्वर के पास कालूपुर में मुख्य सडक में पक्का घर है। शोभा सिंह पुरवा में भी पक्का घर है। चारपहिया वाहन भी है, इसे भी आवास दे दिया गया। मंजू पत्नी चन्द्रकिशोर के तीन पक्के मकान व तीन प्लाट हैं, इसे भी किस्त दी गई है। राजकुमारी पत्नी मइयादीन के पास पक्का मकान है। इसे व इसकी बहू को कालोनी दी गई है। मुनिया पत्नी रामकुमार व चुन्नी पत्नी कमतू के पक्के घर हैं। इसे भी कालोनी दी गई है। गुडिया पत्नी चंदन का भी पक्का मकान है, इसे भी कालोनी दी गई है। रजनीश पत्नी पारुल का भी पक्का घर है। इसे भी कालोनी दी गई है।

पात्रों ने जिलाधिकारी से मांग किया कि डूडा विभाग के दोनों अवर अभियंताओं के क्रियाकलापों की जांच करवाकर अपात्रों को आवास की दी गई धनराशि वापस ली जाये। चयनित आवास लाभार्थियों की सूची जारी की जाये, ताकि लोग जान सकें कि कौन पात्र व अपात्र हैं।

## चोरी के माल समेत चोर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपी को माल समेत दबोचा है। ज्ञात है कि 14 अक्टूबर 2023 को नांदिन कुर्मियान की श्रीमती राजरानी पत्नी ब्रजकिशोर रैदास ने थाने मे रिपोर्ट लिखाई कि उसके घर में घुसकर अज्ञात चोर चालीस हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा कन्हैया बक्श सिंह को सौंपी। दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अनूप कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी लेवहटा मजरा अर्जुनपुर को चोरी के 2850 रुपये व सोने-चांदी के जेवर समेत दबोचा। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, दरोगा केडी मिश्रा व उज्जवल पांडेय, बुद्धसेन विक्रम शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

# विवादों के घेरे में खडा हुआ अशोक पब्लिक स्कूल, एक और शिक्षक ने लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिक्षा का मंदिर इन दिनों विवादों के घेरे में घिरता जा रहा है। शहर के चर्चित अशोक पब्लिक स्कूल प्रबंधक व डायरेक्टर पर स्कूल की ही महिला शिक्षिका के आरोप लगाने के बाद एक और शिक्षक फैजी खान ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को भेजे पत्र में प्रबंधक पर कमरे का ताला तोड़कर सामान तोड़ने व नकदी निकाल लेने का आरोप लगाया है।

बुधवार को शिक्षक फैजी खान पुत्र शकेदुर रहमान निवासी प्रयागराज ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार, मानसिक उत्पीडन व स्पष्टीकरण के नाम पर वेतन में कटौती करता है। कहा कि जुलाई में जीव विज्ञान शिक्षक के बतौर वह यहां आये थे। स्कूल में तमाम अनियमितता व कर्मचारियों से दुर्व्यहार किया जाता है। संसाधन के नियमों व स्पष्टीकरण के नाम पर वेतन से पचास फीसदी कटौती की जाती है। रविवार व अन्य पर्वों पर भी स्कूल खोलते हैं और शिक्षकों को बुलाते हैं। स्कूल में लेवर ला के नियमों का पालन नहीं होता। स्कूल प्रबंधन कर्मचारियों का वेतन भुगतान बैंक आफ बडौदा के खाते में करता है। वेतन भुगतान के बाद पचास फीसदी नकद वापस ले लेते हैं।

**जिलाधिकारी को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार, मानसिक उत्पीडन व स्पष्टीकरण के नाम पर वेतन में कटौती करता है।**

उन्होंने आराप लगाया कि स्कूल संचालक आकाश गुप्ता स्कूल समय में स्कूल में शराब पीते हैं। स्कूल टाइम दौरान बहुत ज्यादा शराब पीकर दुर्व्यवहार करते हैं। उन्होंने आकाश गुप्ता का नार्को परीक्षण कराने की मांग की। आरोप लगाया कि स्कूल में अपने कमरे में ताला लगाया था। उसके कमरे का ताला तोडकर सामान तोड-फोडकर नकदी गायब कर दी है।

# व्यापारी लगवायें सीसीटीवी कैमरेः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले के व्यापारियों के साथ गोष्ठी में व्यापारियों से समस्यायें पूंछी। कहा कि जिन व्यापारियों को कोई समस्या हो, खुलकर बतायें। समस्या का समाधान तत्काल किया जायेगा।

बुधवार को पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में व्यापारियों की गोष्ठी हुई। उन्होंने व्यापारियों से समस्यायें पूंछी। समस्या समाधान के प्रति भरोसा दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी से अपील किया कि अपनी-अपनी दुकानों, मकानों व प्रतिष्ठानों के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें, ताकि कोई अप्रिय घटना होने पर संपूर्ण जानकारी कैमरे में कैद हो सके। इस मौके पर व्यापारी नेता शानू गुप्ता, राहुल गुप्ता, ओम केशरवानी आदि व्यापारी मौजूद रहे।



बैठक में बोलते एसपी।

## एसपी के निर्देश पर पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले प्रशांत उर्फ पिन्टू, प्रिंसु उर्फ विक्रम सिंह, हंसा उर्फ विपिन सिंह व दीपक सिंह पुत्र संजीत सिंह निवासी गढ़चपा तथा अंकित द्विवेदी पुत्र राजेश कुमार निवासी सरैंया के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# भारत को बिजली बेचकर नेपाल ने छह महीने में कमाया 15 अरब रुपये से अधिक का मुनाफा

**नेपाल। नेपाल** विद्युत प्राधिकरण ने भारत में बिजली बेचकर पिछले छह महीने में 15 अरब रुपये से अधिक का मुनाफा कमाया है। यह मुनाफा पिछले साल इसी अवधि के मुकाबले 5 अरब रुपये अधिक है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से आज सार्वजनिक किए गए आंकड़ों में बताया गया है कि पिछले वित्त वर्ष में प्राधिकरण का कुल मुनाफा 12 अरब रुपये था जबकि इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में ही मुनाफा 15 अरब रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में करीब 10 अरब रुपये का मुनाफा हुआ था। इस तरह इस बार प्राधिकरण को पहली छमाही में ही 5 अरब रुपये अधिक का मुनाफा हुआ है। प्राधिकरण का आंकड़ा सार्वजनिक करते हुए कार्यकारी निदेशक कुलमान घिसिंग ने कहा कि सरकारी और निजी कंपनियों की तरफ से भारत को बिजली बेचकर प्राधिकरण ने यह मुनाफा कमाया है। घिसिंग ने बताया कि भारत की नई ऊर्जा नीति के कारण नेपाल के अधिकांश निजी बिजली कंपनियों को रियल टाइम में बिजली बेचने की सुविधा मिली है, जिसके कारण प्राधिकरण का मुनाफा बढ़ा है। उन्होंने यह भी



कहा कि नेपाल की बिजली उत्पादक कंपनियों के लिए भारत में डे अहेड (यानी एक दिन पहले सूचित कर ) और रियल टाइम (यानी एक घंटे की सूचना पर) बिजली बेचने की सुविधा है।
प्राधिकरण द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के मुताबिक पहली छमाही में कुल 45 अरब 49 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। इसमें भारत में ही सिर्फ 30 अरब 48 करोड़ रुपये की बिजली बेची गई है। घिसिंग के मुताबिक प्राधिकरण को इस मुनाफे से नई परियोजनाओं को शुरू करने में मदद मिलेगी।

## चीन में दुनिया की पहली क्लोन तिब्बती भेड़ का जन्म होने का दावा



**बीजिंग।** चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने दावा किया है कि देश के वैज्ञानिकों ने उत्तर पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में दुनिया की पहली तिब्बती भेड़ का सफलतापूर्वक क्लोन तैयार किया है। इससे प्रजातियों की प्रजनन क्षमता में सुधार की उम्मीद है।
ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थवेस्ट ए ऐंड एफ यूनिवर्सिटी की शोध टीम और किंघई की राजधानी जिनिंग में पशु रोग निवारण और नियंत्रण केंद्र ने संयुक्त रूप से यह सफलता हासिल की। इसमें दैहिक कोशिका क्लोनिंग तकनीक को अपनाया गया। पिछले महीने दक्षिण-पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र की स्थानीय सरकार ने इस क्षेत्र में दुनिया की पहली क्लोन लुप्तप्राय जिजांग मवेशी प्रजाति की भेड़ के जन्म की घोषणा की।

## डिज्नी, रिलायंस ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय का किया ऐलान




**नई दिल्ली।** द वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय का ऐलान किया है। डिज्नी और रिलायंस इस संबंध में एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंजों को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय के लिए वॉल्ट डिज्नी कंपनी के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। रिलायंस के मुताबिक समझौते के तहत दोनों कंपनियों के विलय से बनी इकाई में वह 11,500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। लेन-देन में सहक्रियाओं को छोड़कर पोस्ट-मनी आधार पर इस संयुक्त उद्यम का मूल्य 70,352 करोड़ रुपये होगा। रिलायंस और डिज्नी मीडिया के विलय से बने संयुक्त उद्यम की कुल वैल्यू 10,352 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कंपनी में रिलायंस की 63.16 फीसदी हिस्सेदारी होगी। वहीं डिज्नी को 36.84 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। दोनों कंपनियों के मीडिया ऑपरेशन से बने संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वहीं, उदय शंकर इस कंपनी के वाइस चेयरपर्सन होंगे।
उल्लेखनीय है कि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी राजस्व के मामले में विश्व का सबसे बड़ा मीडिया और मनोरंजन समूह है। वहीं, देश के सबसे अमीर अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मीडिया कारोबार वायकॉम-18 और अन्य समूह का संचालन करती है।

## इमरान के आह्वान पर पीटीआई दो मार्च को खोलेगी मोर्चा, चुनाव नतीजों में धांधली के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन की तैयारी

**इस्लामाबाद।** मुल्क की आदियाला जेल में लंबे समय से बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी "पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ" (पीटीआई) ने हाल ही में हुए चुनाव के नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतरने का फैसला किया है। पीटीआई ने जनादेश पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए पार्टी प्रमुख इमरान खान के आह्वान पर दो मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह घोषणा पीटीआई नेता शेर अफजल मारवात ने राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे। मारवात ने सभी लोकतांत्रिक ताकतों से सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बलूचिस्तान के पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों को दबाव में हारा हुआ घोषित कर दिया गया। पीटीआई उम्मीदवारों की जीत को रातों-रात हार में बदल दिया गया। पीटीआई नेता मारवत ने कहा कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर दो मार्च को देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस्लामाबाद में प्रदर्शन की अगुवाई वह करेंगे।



उन्होंने कहा गया कि "मेगा पोल चोरी" के खिलाफ आवाज नहीं उठाई गई तो पाकिस्तान में लोकतंत्र कभी नहीं पनप पाएगा। संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई के दूसरे नेता अली मोहम्मद खान ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में "बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया।" पीटीआई किसी भी राजनीतिक दल या संस्था के खिलाफ नहीं है। इमरान खान चाहते हैं कि जनता के जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए। खान ने कहा, ह्ययह कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है।
यह जनादेश का मामला है। अगर पाकिस्तान में लोकतंत्र को बचाना है तो सबको साथ आना होगा।" इस संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई नेता सालार खान काकर ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर धांधली के जरिए सीटें "ठेकेदारों, तस्करों और अराजनीतिक हस्तियों" को बेची गईं। कक्कड़ के अनुसार, उन्होंने फॉर्म-45 के अनुसार स्पष्ट जीत हासिल की थी, लेकिन एक पीएमएल-एन उम्मीदवार जो आठवें स्थान पर था, उसे "धोखाधड़ी से" विजयी घोषित कर दिया गया।

## नेपाल में हवाला कारोबार के आरोप में चीनी नागरिक गिरफ्तार

**नेपाल।** नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हवाला कारोबार में संलिप्तता के आरोप में बुधवार को चीन के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए।
नेपाल पुलिस के मुताबिक टूरिस्ट वीजा पर नेपाल घूमने आए चीनी नागरिक झोउ जियु को हवाला कारोबार करने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसपी रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि 28 वर्षीय झोउ जियु चीन के शंघाई शहर का रहने वाला है और वह टूरिस्ट वीजा पर यहां आकर रह रहा था। रेग्मी ने बताया कि भक्तपुर में किराए के कमरे में रह कर वह यहां से हवाला का कारोबार करता था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके कमरे पर छापा मारकर गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं।
नेपाल पुलिस के मुताबिक उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इस समय काठमांडू और आसपास के जिलों में अवैध तरीके से रह रहे चीनी नागरिक गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त हैं। पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि अधिकांश चीनी नागरिक ठगी, जालसाजी, हवाला और आर्थिक अपराध में संलिप्त हैं। पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाकर ऐसे संदिग्ध चीनी नागरिक और उनके स्थानीय सहयोगियों पर निगरानी बढ़ा दी है।

## सरकार को एनपीसीआईएल से लाभांश के मिले 1065 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में लगभग 1065 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।
वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को एक्स पोस्ट में बताया कि सरकार को एनपीसीआईएल से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 1065 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।
सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनपीसीआईएल केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्यरत है। यह सितंबर 1987 में कंपनी अधिनियम 1956 के तहत सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के तौर पर पंजीकृत है।

## आयकर की फेसलेस कर मूल्यांकन सुविधा से शिकायत निवारण में आई तेजी: सीतारमण



**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आयकर विभाग की फेसलेस कर मूल्यांकन सुविधा के परिणामस्वरूप करदाताओं की शिकायतों का तेजी से निवारण हो रहा है। यह व्यापार करने में आसानी की दिशा में एक बड़ा कदम है।
सीतारमण ने बेंगलुरु में आज केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) आवासीय क्वार्टर भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली इसलिए लाई गई, ताकि किसी अधिकारी के विवेक का प्रभाव करदाताओं पर न पड़े। इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिली है और शिकायतों का निवारण तेजी से हुआ है।
यह व्यापार करने में आसानी और करदाताओं की सुविधा के लिए एक बहुत बड़ा कदम है।वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र ने बेंगलुरु के विकास पर काफी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु अब कई अलग-अलग अग्रणी उद्योगों का पर्याय बन गया है, चाहे वह आईटी हो या वैश्विक क्षमता केंद्र या स्टार्टअप। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए और कर निर्धारिती को परेशान न करने के लिए फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली लाई गई है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## नेपाल में आर्थिक अनियमितता के मामले में दो बैंक के सीईओ सहित 10 गिरफ्तार

**नेपाल।** नेपाल पुलिस की केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने करोड़ों रुपये की आर्थिक अनियमितता के आरोप में दो बैंकों के सीईओ समेत 10 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
सहकारी बैंक घोटाले की जांच में जुटी सीआईबी को एक सहकारी कंपनी के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान पता चला कि दोनों बैंक ने आय स्त्रोत और डिपॉजिट से अधिक लोन मुहैया कराया है। उसकी जांच होने पर उसमे बैंक के क्रेडिट विभाग के कर्मचारी, बैंक मैनेजर से लेकर बैंक के सीईओ तक की संलिप्तता पाई गई।
सीआईबी की प्रमुख एवं नेपाल पुलिस की एआईजी किरण बज्राचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रभु बैंक के सीईओ मनोज न्यौपाने, सेंचुरी बैंक के सीईओ तुलसीराम गौतम सहित 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि देउराली सहकारी घोटाला मामले की जांच के बाद पिछले महीने गिरफ्तार इस बैंक के संचालक रवीन्द्र चौलागाइ के बयान और उनके पास से बरामद दस्तावेजों के आधार पर कर्मचारी और सीईओ को गिरफ्तार किया गया है।बज्राचार्य के मुताबिक नेपाल राष्ट्र बैंक ने लोन देने के लिए जो गाइडलाइन जारी किया है उसके मुताबिक किसी भी व्यक्ति या कंपनी को उसके द्वारा बैंक में रखे गए आय स्त्रोत और संपत्ति का सिर्फ 40 प्रतिशत ही लोन दिया जा सकता है, लेकिन सेंचुरी बैंक और प्रभु बैंक ने देउराली सहकारी बैंक के संचालक रवीन्द्र चौलागाई को उनके द्वारा बैंक में दिखाए गए 1.14 अरब की संपत्ति के बदले 2.11 अरब रुपये का लोन दिया है। बैंक से लोन लेने के बाद फरार चल रहे चौलागई को सीआईबी ने कड़ी मशक्कत के बाद विदेश से गिरफ्तार किया था और नेपाल नेकर आई थी। सीआईबी प्रमुख का कहना है कि इस तरह के कई अन्य सहकारी घोटाले की जांच चल रही है जिसमे कुछ और बैंकों के अधिकारियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## रूसी सेना में शामिल हुए नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कर रहे प्रयास: एनपी साउद

**नेपाल।** अवैध रूप से रूसी सेना में शामिल हुए एक हजार से अधिक नेपाली नागरिकों के परिवार वालों ने अपने लोगों की सुरक्षित वापसी की मांग को लेकर विदेश मंत्री एनपी साउद से मुलाकात की। इस दौरान नेपाल के विदेश मंत्री साउद ने कहा कि नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार की तरफ से कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय में हुई इस मुलाकात में इन लोगों ने बताया कि कई ऐसे लोग हैं जो कि एक या दो महीने से अपने घर से कोई संपर्क तक नहीं किया है। ऐसे ही कुछ परिवार वालों ने विदेश मंत्री को यह भी बताया कि उनके रिश्तेदार इस समय यूक्रेनी सेना के कब्जे में हैं या यूक्रेन के किसी जेल में बंद हैं। उन लोगों ने इन सबकी वापसी के लिए सरकार की तरफ से कोई खास प्रयास नहीं किए जाने को लेकर आपत्ति भी जताई है। विदेश मंत्री साउद ने कहा कि रूस और यूक्रेन स्थित नेपाली दूतावास लगातार वहां की सरकारों और सेना के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान यूक्रेन के विदेश मंत्री से मुलाकात हुई थी। इस दौरान उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था।विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल से भारत और ब्रिटेन के अलावा किसी भी अन्य देश की सेना में शामिल होने पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। बावजूद इसके हमारे युवा रूसी सेना में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इसको गैर कानूनी बताते हुए कहा कि गैर कानूनी होने के बावजूद यह नेपाल सरकार की जिम्मेदारी है कि हमारे नागरिक अगर किसी मुसीबत में हैं तो उनकी सुरक्षित घर वापसी कराई जाए। सरकार विभिन्न माध्यमों से रूस और यूक्रेन पर दबाव बनाकर अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयासरत है।

## नेपाल : सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार, राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष चुनाव से लेकर उपचुनाव तक में विवाद

**नेपाल।** सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस और माओवादी के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष के चुनाव में दोनों दलों ने अपना अपना अलग उम्मीदवार खड़ा करने के निर्णय के बाद अगले महीने होने वाले संसदीय उपचुनाव में भी अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय किया है।
माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष तथा प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने कहा है कि 12 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष के निर्वाचन में माओवादी ने अपना उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय करने की जानकारी दी है। सापकोटा ने बताया कि आने वाले इलाम संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में भी पार्टी अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाली कांग्रेस ने गठबंधन में रहते हुए जब अलग ही चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है तब माओवादी के पास कोई विकल्प ही नहीं बचा है।
माओवादी के इस फैसले पर कांग्रेस ने आश्चर्य व्यक्त किया है। कांग्रेस पार्टी के महामंत्री विश्वप्रकाश शर्मा ने कहा है कि गठबंधन की बैठक में जब पहले इस बात का फैसला कर लिया गया है कि राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी को दिया जाएगा तो अब आकर माओवादी पार्टी के तरफ से अपना उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष पद देने की सहमति के बाद ही पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्ण प्रसाद सिटौला को चुनाव मैदान में उतारा गया था। शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला अगले आमचुनाव के समय का है। इस समय कांग्रेस गठबंधन को निरंतरता देने के पक्ष में ही है।
गठबंधन के भीतर आपसी विवाद के सतह पर आने के बाद प्रमुख विपक्षी दल ने इस पर व्यंग्य किया है। विपक्षी दल के नेता केपी शर्मा ओली ने कहा है कि वर्तमान सत्ता गठबंधन पानी के बुलबुले की तरह है, जो अपने आप ही फूट जाएगा। ओली ने कहा कि राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष चुनाव को लेकर पार्टी कोई भी फैसला उम्मीदवारी होने के बाद ही करेगी।